आर०एन०आई० पंजी० सं० - UPHIN/2014/60049

# अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 03 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, शनिवार, 14 अगस्त 2021 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

## उत्तर प्रदेश चुनावःएक सप्ताह में तय होगा योगी मंत्रिमंडल विस्तार का भविष्य



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा या नहीं एक सप्ताह के भीतर तय हो जाएगा। वहीं संगठन के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों का कहना है कि अब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव बहुत नजदीक हैं। इसलिए किसी भी तरीके का फेरबदल करने की फिलहाल कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि इन सारे मसलों को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। बीते कुछ महीने से लगातार उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कई बार इस पर आलाकमान से लेकर प्रदेश स्तर के नेता और प्रभारियों के साथ बैठक भी हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है मंत्रिमंडल का विस्तार तो पिछले महीने ही हो जाना था, लेकिन कुछ विशेष कारणों और अंदरूनी मामलों की वजह से फेरबदल टल गया। जुलाई के पहले सप्ताह में दिल्ली में हुई बैठक के बाद दो बार और इसी मसले पर बैठकर हो चुकी है। लेकिन मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार हो या ना हो इस को लेकर बुधवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ बैठक हुई। हालांकि इस बैठक का एजेंडा उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं था, लेकिन सूत्रों का कहना है मंत्रिमंडल को लेकर बैठक में चर्चा हुई। सूत्र बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं का यह मानना है कि प्रदेश में चुनाव बहुत नजदीक है। इसलिए अब मंत्रिमंडल विस्तार करने का कोई भी मतलब नहीं बनता है। बैठक में शामिल नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अब जो मंत्री या विधायक हैं उनको अपने अपने क्षेत्रों में जाकर और ज्यादा जोर से तैयारियों में लग जाना चाहिए। पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है अचानक मंत्रिमंडल में किए जाने वाले फेरबदल से कई तरीके की विपरीत परिस्थितियां भी पैदा हो सकती हैं। फिलहाल आलाकमान ऐसी दशा में कैसी भी मान मनौवल की स्थितियों में अपना वक्त बर्बाद करना नहीं चाहता है। यही वजह रही कि संगठन के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में किसी भी तरीके के फेरबदल को न करने की सिफारिश की।

## देश में 2700 से ज्यादा कम हुए कोरोना के सक्रिय मामले

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के नये मामलों की तुलना में इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या अधिक रही, जिसके कारण इस जानलेवा विषाणु के सक्रिय मामलों में 2700 से ज्यादा की गिरावट आई। देश में गुरुवार को 57 लाख 31 हजार 574 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये तथा अब तक 52 करोड़ 95 लाख 82 हजार 956 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 40,120 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 21 लाख 17 हजार 826 हो गया है। इस दौरान 42 हजार 295 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 13 लाख 02 हजार 345 हो गयी है।

## वाहन स्क्रेपिंग नीति आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदमः प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि राष्ट्रीय वाहन स्क्रेपिंग नीति आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है और इससे ऑटो सेक्टर को नयी पहचान मिलेगी। श्री मोदी ने गुजरात में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय तथा गुजरात सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित निवेशक सम्मेलन में वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से शिरकत करते हुए कहा कि 75वें स्वतंत्रता दिवस से पहले आज का ये कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत के बड़े लक्ष्यों को सिद्ध करने की दिशा में एक और अहम कदम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वाहन स्क्रेपिंग नीति नए भारत में ऑटो सेक्टर को नई पहचान देने वाली है। देश में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने , अनफिट वाहनों को वैज्ञानिक ढंग से सड़कों से हटाने में यह नीति बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी। देश के करीब-करीब हर नागरिक के जीवन , हर उद्योग और हर क्षेत्र में इससे सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिए मोबिलीटी बहुत बड़ा फैक्टर है। इस क्षेत्र में आधुनिकता से परिवहन का बोझ तो कम होगा ही आर्थिक विकास के लिए भी मददगार यह साबित होती है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत के लिए यह नीति समय की मांग है। देश के अंदर 15 और 20 साल से भी ज्यादा पुरानी कारें मौजूद हैं। इन कारों से प्रदूषण हो रहा है। ये सेफ्टी के लिहाज पूरी तरह कमजोर हो चुकी हैं। इनमें सीट बेल्ट, एबीएस, एयरबैग्स जैसे एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स भी नहीं होते हैं। ऐसे में इन गाड़ियों को चलाने का मतलब है अपने साथ दूसरों की जान भी खतरे में डालना। नए वाहनों से होने वाले एक्सीडेंट में हेड इंजरी की दर भी कम है। इसी वजह से सरकार ने खराब फिटनेस वाली गाड़ियों को स्क्रैप करने का पॉलिसी लागू की है।

## कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के काफिले पर हमले के बाद हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पहले एक बड़ा हादसा होने से टल गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए जल्द ही खोल दिया जाएगा। घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने कुलगाम जिला के मालपोरा, मीरबाजार में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को अपराह्न में बीएसएफ जवानों पर हमला किया था। इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं, लेकिन आतंकवादी बच निकले और नजदीक की एक इमारत में घुस गए। बाद में सुरक्षा बलों के अतिरिक्त जवान मौके पर पहुंचे तथा इमारत को चारों ओर से घेर लिया। श्री कुमार ने बताया कि सूचना मिली है कि मुठभेड़ वाली जगह की सफाई के बाद अभियान सुरक्षा बलों का अभियान समाप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के दो जवान तथा कई नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ वाली जगह से दुकानदारों, महिलाओं तथा गैर स्थानीय श्रमिकों सहित 22 नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। इससे पहले उन्होंने बताया था कि लश्कर तैयबा के दो आतंकवादी एक इमारत में छिपे हुए हैं।

## नारी निकेतन में नाबालिग संवासिनी की मौत पर हाईकोर्ट ने सरकार से माँगा रिपोर्ट

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज के खुल्दाबाद नारी निकेतन में फंदे से लटकी 17 वर्षीय नाबालिग संवासिनी की मौत को लेकर दाखिल पत्र जनहित याचिका पर राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता से 10 दिन में सही रिपोर्ट पेश कर कोर्ट को जानकारी देने का निर्देश दिया है। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एन भंडारी तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने स्वदेश एवं प्रयाग लीगल एड क्लीनिक वह 4 अन्य की जनहित याचिका पर दिया है। मालूम हो कि 7 अगस्त 21 को रात 2.54 बजे नारी निकेतन की नाबालिग लड़की फंदे से लटकी पायी गयी, उसकी मौत हो गई। इस घटना पर डॉ रिजवी ला कालेज करारी कौशाम्बी के विधि छात्रों ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की। पत्र लिखने वाले छात्रों में सैय्यद मोहम्मद अब्बास हुसैन, अंकित कुमार, अंवित कुमार शामिल हैं।

## हर चुनौती का सामना करने में सक्षम भारत के निर्माण का सपनाः राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि सरकार का ऐसे शक्तिशाली भारत के निर्माण का सपना है जो किसी पर हमला नहीं करना चाहता लेकिन वह हर तरह की चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हो। श्री सिंह ने शुक्रवार को 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए देशव्यापी कार्यक्रमों की वर्चुअल माध्यम से शुरूआत करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। यह महोत्सव आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में देश भर मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इतिहास बनते देखना सौभाग्य की बात होती है। इतिहास का हिस्सा बनना उससे भी बड़े सौभाग्य की बात होती है। पर यह परम सौभाग्य है, कि हम आजादी के 'अमृत-महोत्सव' रूपी इतिहास को न केवल बनते देख रहे हैं, बल्कि इसका हिस्सा भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा , हम भारत को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। ऐसा भारत जो दूसरे पर हमला नहीं करना चाहता लेकिन हर चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। आने वाले समय में हम एक और भी मज़बूत भारत का निर्माण करेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में शुरू हो रहे इन कार्यक्रमों को देखकर लगता है कि केवल देशवासी ही नहीं बल्कि जल, थल, नभ, पहाड़, पठार और दर्रे भी देशवासियों के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहे हैं। उन्होंने कहा , आज जो 'अमृत महोत्सव' हम मना रहे हैं, उसकी भावना या मैं कहूं स्वतंत्रता, संप्रभुता और अमरत्व की भावना, भारत के लिए कोई नई या आधुनिक भावना नहीं है। मैं कैप्टन विक्रम बतरा का ज़िक्र करना चाहूँगा, जो मृत्यु को सामने देख कर भी कहता है, 'यह दिल माँगे मोर'। यह कौन सी भावना है।

## भर्ती का पुनरीक्षित परिणाम घोषित करने के माँग की याचिका निस्तारित

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं क्षेत्रीय विकास अधिकारी भर्ती 2018 का पुनरीक्षित परिणाम घोषित कर बचे 150 पदों को भरने की मांग में दाखिल याचिका निस्तारित कर दी है। कोर्ट ने कहा कि याची एक हफ्ते में प्रत्यावेदन दे और सक्षम प्राधिकारी उस पर यथाशीघ्र निर्णय लें। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने मुजफ्फरनगर के जनार्दन कौशिक की याचिका पर दिया है। याची अधिवक्ता का कहना था कि उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ ने 694 पदों की भर्ती निकाली। 16 सितम्बर 18 को परीक्षा हुई और 25 फरवरी 19 को 680 पदों का परिणाम घोषित किया गया। शारीरिक दक्षता टेस्ट नहीं हो सका। अंतिम परिणाम घोषित किया गया। जिसमें याची का भी नाम शामिल है। अभी भी 150 पद भरे नहीं जा सके हैं। याचिका में पुनरीक्षित परिणाम घोषित कर पदों को भरने की मांग की गई है।

## इन्दिरा भवन में अतिक्रमण का निरीक्षण कर कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने के लिए दो एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा भवन सिविल लाइंस प्रयागराज में अतिक्रमण का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने के लिए दो एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है। कोर्ट ने कहा है कि एडवोकेट कमिश्नर विवेक कुमार सिंह व आकांक्षा मिश्रा 14 अगस्त को साढ़े ग्यारह बजे दिन में इंदिरा भवन का निरीक्षण करें और नक्शे के साथ कहां-कहां अतिक्रमण किया गया है, रिपोर्ट तैयार कर कोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता से इन्हें उचित सुरक्षा देने के लिए सम्बंधित थाने को सूचित करने को कहा है। साथ ही प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भवन के नक्शे के साथ निरीक्षण के दौरान मौजूद रहने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पक्षकारों को भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहने की छूट दी है। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एन भंडारी तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने मोहम्मद इर्शाद उर्फ गुड्डू की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह,विपक्ष की तरफ से अतिप्रिया गौतम व राज्य सरकार के अधिवक्ता राजीव सिंह ने पक्ष रखा। पीडीए की तरफ से कोई अधिवक्ता मौजूद नहीं हुआ। याची का कहना है कि इंदिरा भवन में दूकाने आवंटित है। बरामदे व खाली जगहों पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे दूकानदारों वह ग्राहकों को दिक्कत हो रही है। कोर्ट ने प्राधिकरण को अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया था, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई तो यह याचिका दायर की गई है। याचिका की अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी।



## तमिलनाडु में पेट्रोल तीन रुपये लीटर सस्ता, स्टालिन सरकार का फैसला

**चेन्नई, एजेंसी।** महंगे पेट्रोल से जूझ रही जनता को तमिलनाडु सरकार ने राहत दी है। राज्य में पेट्रोल के दाम तीन रुपये लीटर घटा दिए गए हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ स्टालिन सरकार ने राज्य की जनता को यह बड़ी राहत पहुंचाई है। राज्य में 2.6 करोड़ दो पहिया चलाने वाले लोग हैं। उन्हें इससे सीधा लाभ होगा। राज्य के वित्त मंत्री पी. थैगा राजन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में यह एलान किया। उन्होंने बताया कि पेट्रोल के दाम घटाने के कारण सरकारी खजाने को 1160 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। बता दें, देश के कई राज्यों में पेट्रोल के दाम 100 रुपये लीटर या इससे ज्यादा चल रहे हैं।

## अगले साल से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध केंद्र सरकार ने जारी किया नया नोटिफिकेशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पर्यावरण के लिए खतरा बने सिंगल-यूज प्लास्टिक से निजात पाने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। एक जुलाई 2022 के बाद से देश में इसका इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित हो जाएगा। इसी के साथ सरकार ने प्लास्टिक बैग की मोटाई को लेकर तैयार किए गए नए नियमों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है। यह 30 सितंबर के बाद लागू होगी। पहले चरण में प्लास्टिक की मोटाई को 50 माइक्रोन से बढ़ाकर 75 माइक्रोन करने का प्रस्ताव है, जबकि अगले चरण में इसे 75 माइक्रोन से बढ़ाकर 100 माइक्रोन या उससे ज्यादा किया जाएगा। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुवार को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों में अहम बदलाव करते हुए नया नोटीफिकेशन जारी किया है। इसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को एक जुलाई 2022 से पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके तहत पाली स्टाइनिग और एक्सपैंडेड पालीस्टाइनिन सहित सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध होगा। सरकार ने पहली बार सिंगल यूज प्लास्टिक को भी परिभाषित किया है। वह वस्तुएं इस श्रेणी में आएंगी, जिसे डिस्पोजल या फिर रीसाइकिल के पहले एक काम के लिए एक बार ही इस्तेमाल में लाया जाना है। मंत्रालय ने यह कदम पीएम मोदी के उस एलान के बाद उठाया है, जिसमें उन्होंने 2022 तक देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने की बात कही थी। प्रतिबंध अमल में आने के बाद आइसक्रीम और गुब्बारे में लगने वाली प्लास्टिक स्टिक, सजावट में इस्तेमाल किए जाने थर्मोकोल, प्लास्टिक के कप-प्लेट, ग्लास, चम्मच, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट पर लपेटी जाने वाली प्लास्टिक आदि का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। प्लास्टिक कचरे के डिस्पोजल के लिए अब ग्राम पंचायतों को भी व्यवस्था बनानी होगी। इस नए नोटीफिकेशन में अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना करने सहित सभी इकाईयों को प्लास्टिक कचरे को अलग करने, कलेक्शन, स्टोरेज, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग और डिस्पोजल आदि कार्यों को पूरा करना होगा।

## रेप पीड़िता का बयान दर्ज होने के बाद दुबारा बयान लेना कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोगः हाई कोर्ट

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार रेप पीड़िता का बयान दर्ज होने के बाद पुलिस विवेचक द्वारा आरोपी की मिलीभगत से बिना आडियो वीडियो रिकार्डिंग के दुबारा बयान लेने को कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को दो हफ्ते में सभी पुलिस अधीक्षकों को धारा 161(3) की प्रक्रिया का पालन करने की गाइडलाइंस जारी करने का निर्देश दिया है तथा इसे 2 सितम्बर को कोर्ट में पेश करने को कहा है। साथ ही कहा है कि दो माह में इस आशय का सर्कुलर भी जारी किया जाय। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने फूलपुर प्रयागराज के बुल्ले की जमानत अर्जी पर दिया है। याची का कहना था कि केस की विवेचना ठीक से नहीं की गई।

सह अभियुक्त को रेप के आरोप से पीड़िता का दुबारा बयान लेकर पुलिस ने अलग कर दिया। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाय। कोर्ट ने विवेचक को तलब कर सफाई मांगी तो उसने कहा दुबारा बयान लेने पर रोक नहीं है। प्रक्रिया की खामियों पर बिना शर्त माफी मांगी। बयान की आडियो वीडियो रिकार्डिंग नहीं की गयी। यह भी गलती मानी कि बयान उसने लिया है, महिला पुलिस ने नहीं ली है।

कोर्ट ने एसएसपी प्रयागराज को उचित कार्रवाई करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि अपराध की निष्पक्ष पारदर्शी विवेचना कराना न केवल पुलिस वरन् कोर्ट की भी जिम्मेदारी है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। विवेचक को गलत उद्देश्य से विवेचना नहीं करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष पारदर्शी विवेचना कराना अपराधिक न्याय व्यवस्था का जरूरी हिस्सा है। धारा 164 का बयान धारा 161 के दर्ज बयान पर हमेशा प्रभावी होता है। हाईकोर्ट की जिम्मेदारी है कि हर नागरिक के अधिकार सुरक्षित रहे। अपराध की निष्पक्ष व पारदर्शी विवेचना की जाय।

## गृह मंत्रालय ने खारिज किया सुखबीर बादल का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब के राज्यपाल को चंडीगढ़ प्रशासक की जिम्मेदारी से हटाने का कोई फैसला नहीं किया गया है और न ही ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस संबंध में सुखबीर सिंह बादल के ट्वीट में व्यक्त की गई आशंका निराधार है।




## यूपी में एक्टिव केस पांच सौ से नीचे बीते 24 घंटे में मिले 33 नए संक्रमित



**लखनऊ, एजेंसी।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की लगातार मॉनिटरिंग का बड़ा असर सामने आ गया है। प्रदेश में अब एक्टिव केस 469 पर सिमट गए हैं। बीते 24 घंटे में दो लाख से अधिक सैंपल की जांच में 33 नए संक्रमित मिले हैं। इसी अवधि में 44 लोगों को इसके संक्रमण से मुक्ति मिली है। प्रदेश में बीते 24 घंटे में हुई टेस्टिंग में 54 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि मात्र 21 जनपदों में इकाई अंक में संक्रमित हैं। इस दौरान दो लाख, 38 हजार 123 कोविड सैम्पल की जांच की गई और इसमें से 33 नए संक्रमित मिले। इसी अवधि में 44 लोग इससे स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान समय में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 469 तक सीमित हो गई है। दिन पर दिन यह अंक कम होते जा रहे हैं। अब तक 16 लाख 85,625 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना की रिकवरी दर 98.6 प्रतिशत है। बीते 24 घंटे में पॉजिटिविटी दर 0.01 प्रतिशत रही। प्रदेश में अब तक छह करोड़, 86 लाख, 24490 सैम्पल की जांच की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में नौ जिले कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त हो गए हैं। अलीगढ़, अमेठी, चित्रकूट, हाथरस फिरोजाबाद, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली और सोनभद्र में अब कोरोना वायरस संक्रमण का एक भी केस नहीं है। यह सभी जिले आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए कोविड वैक्सीनेशन का अभियान प्रदेश में चरम पर है। अब तक पांच करोड़, 63 लाख 41 हजार से अधिक लोगों को कोरोना वायरस संक्रमण की वैक्सीन की डोज दी गई है।

## काबुल से महज 50 किमी दूर रह गया तालिबान

### अफगानिस्तान के 18 प्रांतों पर किया कब्जा



**काबुल, एजेंसी।** तालिबान तेजी से अफगानिस्तान के प्रमुख शहरों पर कब्जा जमाता जा रहा है। अब वह अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से महज 50 किमी दूर रह गया है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, तालिबान ने काबुल से 50 किमी दूर स्थित प्रांत पर भी कब्जा कर लिया है। इस तरह कुल 18 प्रांत अब तालिबान के कब्जे में जा चुके हैं। दरअसल, तालिबान द्वारा कंधार और लश्कर गाह पर भी कब्जा जमाने की खबरें आ रही हैं। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, तालिबान ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एक और प्रांतीय राजधानी कंधार पर कब्जा कर लिया। इसके बाद लश्कर गाह भी उसके कब्जे में आ गया। अब सिर्फ राजधानी काबुल उससे बची हुई है। काबुल के बाद कंधार ही अफगानिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। अब तालिबान का अगला टारगेट काबुल हो सकता है। बता दें कि कंधार में ही बीते दिनों तालिबानियों ने भारतीय फोटो जर्नलिस्ट दानिश की हत्या कर दी थी। कंधार पर कब्जा करने से पहले गुरुवार को तालिबान ने दो और प्रांतीय राजधानी गजनी और हेरात पर कब्जा कर लिया था। तालिबानी काबुल से महज 130 किलोमीटर दूर है। इस तरह से उसने अब तक 13 प्रांतीय राजधानियों पर कब्जा कर लिया है। तालिबान के कब्जाए छह अफगानिस्तानी शहरों से उसने 1,000 से ज्यादा कैदी छुड़ा लिए हैं।

### हताहतों की जानकारी नहीं

हेलमंद प्रांत की राजधानी लश्करगाह के पुलिस मुख्यालय पर कब्जे के बाद यहां मौजूद अफगान बलों ने तालिबान के आगे समर्पण कर दिया और पास स्थित अन्य गवर्नर के दफ्तर में चले गए। यहां अब भी सरकारी बलों का नियंत्रण है। सांसद नसीमा नियाजी ने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं मिली है कि इस हमले में कितने लोग हताहत हुए हैं। उन्हें इस हमले में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है।

### तालिबान ने सत्ता साझा करने का प्रस्ताव ठुकराया

इस बीच अफगानिस्तान की सरकार ने तालिबान को सत्ता में भागीदारी का प्रस्ताव दिया था। इसके बदले में अफगानिस्तान सरकार ने तालिबान से शहरों पर हमले बंद करने के लिए कहा था, लेकिन तालिबान ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जिससे अमेरिकी गठबंधन की सेनाओं की वापसी के बाद जबरदस्त गृहयुद्ध की चपेट में आ गए अफगानिस्तान में शांति की उम्मीद फिलहाल खत्म हो गई है। पाक पीएम इमरान खान ने अपने घर पर विदेशी पत्रकारों से बात करते हुए अपना दर्द बयां किया। उन्होंने अमेरिका पर कटाक्ष करते हुए कहा, वाशिंगटन पाकिस्तान को 20 साल तक अफगानिस्तान में छेड़े गए युद्ध में इस्तेमाल करने के रूप में देखता है।

# उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य के लिए किया रुद्राभिषेक

**उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया**





**प्रयागराज, (संवाददाता)।** नागपंचमी के पावन पर्व पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज के कीडगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान मनकामेश्वर का रुद्राभिषेक कर पूजन-अर्चन करते हुए प्रदेश वासियों के उत्तम स्वास्थ्य व कल्याण हेतु प्रार्थना की।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, भाजपा मुख्य सचेतक पार्षद दल नेता किरन जायसवाल, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, दिलीप श्रीवास्तव, विवेक अग्रवाल, गिरीजेश मिश्रा, सचिन मिश्रा, श्याम पांडेय, विवेक जायसवाल, अभिषेक सोनकर एवं सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

**उपमुख्यमंत्री ने जनता की समस्याओं को सुना**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने निज आवास, अलकापुरी में आए क्षेत्रीय जनों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और समस्याओं के निदान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं को तत्काल निराकरण किया जाए। इसके उपरान्त उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में पार्षदों एवं अधिकारियों की समन्वय बैठक हुई। जिसमें उपमुख्यमंत्री ने समन्वय बनाते हुए जनपद प्रयागराज के विकास कार्यों में और तेजी लाये जाने के लिए कहा। उन्होंने प्रयागराज के एक होटल में समन्वय बैठक में कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगण आपसी समन्वय बनाते हुए जनपद के चहुंमुखी विकास हेतु और प्रभावी ढंग से कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बहुत से विकास के कार्य किये गये है, परंतु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

इसलिए सभी लोग आपसी समन्वय बनाते हुए विकास कार्यों को और तेजी से करें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो भी समस्यायें बतायी जाये, उनको ध्यान से सुनते हुए उनका निस्तारण करें। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता ने जनपद के विकास के लिए तेजी से किये गये कार्यों के लिए उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह से जनपद के विकास के लिए उनका सहयोग प्राप्त होता रहेगा। इस अवसर पर विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी एवं पार्षदगणों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उपमुख्यमंत्री ने पार्षदों द्वारा बतायी गयी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, नगर आयुक्त रवि रंजन, पीडीए वीसी सहित पार्षदगणों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मोतीलाल नेहरू इण्टर कॉलेज में शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** मोतीलाल नेहरू इन्टर कालेज, जमुनीपुर, प्रयागराज के प्रबंध समिति की शोक सभा विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य स्व राम शिरोमणि मिश्र के आकस्मिक निधन होने पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में की गई। शोक सभा में चौधरी जितेन्द्र नाथ ने कहा कि श्री मिश्र 42 वर्षों तक विद्यालय के प्रधानाचार्य रहे और मृत्यु के पूर्व तक प्रबंध समिति के सदस्य रहे। प्रबंधक जयंत श्रीवास्तव ने श्री मिश्र के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि उन्होंने अपने मृत्यु के कुछ घंटे पूर्व तक बच्चों को पढ़ाया। सह प्रबंधक यस.डी कौटिल्य ने स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि स्व. राम शिरोमणि का विद्यालय से बहुत प्यार था वह हमेशा उसकी प्रगति की रूपरेखा तैयार करते रहते थे। उनके निधन से विद्यालय को हुई अपूर्णीय क्षति की भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा विद्यालय परिवार स्व. राम शिरोमणि मिश्र को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके परिवार को इस असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करता है।

# ट्रिपल आईटी निदेशक ने पुरा छात्रों के छह शाखाओं को किया उद्घाटन




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के पुरा छात्रों के छह नई शाखाओं का उद्घाटन ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रोफेसर पी नागभूषण ने 23वें स्थापना दिवस पर ग्लोबल वर्चुअल एलुमनी मीट 2021 में किया। यह छह शाखायें संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप-यूके, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, बंगलौर और मुम्बई-पुणे में स्थापित की गयी है, जो संस्थान के एलुमनी कार्यालय से जोड़े गए हैं।

पुरा छात्रों के आभासी सम्मेलन में उद्घाटन के पश्चात प्रो. नागभूषण ने कहा कि ट्रिपल आईटी की छवि और दृष्टि को अत्यधिक प्रभावी ढंग से चित्रित करने के लिए पुरा छात्र संस्थान के राजदूत हैं। उन्होंने कहा की दुनिया के किसी भी कोने में पुरा छात्र की बस इतनी ही अभिव्यक्ति कि 'मैं आईआईआईटी इलाहाबाद से हूं' हमें गर्व महसूस कराता है। यही अभिव्यक्ति आपके अगले बैच के जूनियर्स को पूरे जोश से भर देती है, जिससे संस्थान समृद्ध होता जाता है। पुरा छात्रों को यह हमेशा जानने की उत्सुकता होगी कि उनका मातृ संस्थान कैसा प्रगति कर रहा है और उसे कैसे सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सोशल नेटवर्किंग ढांचे के साथ सभी आपस में और साथ ही अपने मातृ संस्थान से जुड़े रहेंगे। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ पंकज मिश्र ने बताया कि इस अवसर पर ट्रिपल आईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष विनय कुमार मोदी ने कहा कि संस्थान ने पिछले दो दशकों में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कई मील के पत्थर हासिल करने के लिए ट्रिपल आईटी परिवार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रो.अनुपम अग्रवाल, डीन (पुरा छात्र) ने कहा कि संस्थान को विश्व मानचित्र पर लाने की प्रक्रिया में पूर्व छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी समिति के सदस्यों की सिफारिशों पर, पुरा छात्र मामलों के कार्यालय ने अपने पहले ग्लोबल वर्चुअल का आयोजन क्रमशः 12 और 14 अगस्त को ऑनलाइन माध्यम से किया गया है। इस अवसर पर पुरा छात्रों ने अपने विचार साझा किए और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रो. विजयश्री तिवारी, रजिस्ट्रार, प्रो यूएस तिवारी, प्रो. तपोब्रत लहरी और डॉ विजय कुमार चौरासिया, सभी डीन ने भी इस अवसर पर सम्बोधित किया।

# मंत्री नन्दी ने टर्मलोन एवं शादी अनुदान योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का किया वितरण

**अल्पसंख्यक लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा: मंत्री**





**प्रयागराज, (संवाददाता)।** कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने शुक्रवार को सरकिट हाउस में टर्मलोन के तहत 20 लाभार्थियों को 81 लाख 10 हजार रूपये एवं शादी अनुदान के तहत 50 लाभार्थियों को 20-20 हजार रूपये का स्वीकृति पत्र दिया। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं भी दी। मंत्री नन्दी ने शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि. द्वारा संचालित टर्मलोन, शैक्षिक ऋण योजनान्तर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण के साथ ही अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब अभिभावकों हेतु अल्पसंख्यक पुत्री शादी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर नन्दी ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से अल्पसंख्यकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री 'सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास' की नीति के साथ कार्य कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों के हितों का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। इन योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यक वर्ग के लोग आर्थिक सहायता के माध्यम से अपने कार्य क्षेत्र का चयन कर अपने हुनर के अनुसार स्वयं का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यक वर्ग के अभिभावकों को सरकार द्वारा बेटी के शादी के लिए अनुदान दिया जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों को अपनी बेटी की शादी की चिंता न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को आज ऋण प्रदान किया जा रहा है, उनसे मुझे यह कहना है कि इस पैसे का पूरी ईमानदारी, मेहनत एवं लगन के साथ कार्य करते हुए आर्थिक रूप से मजबूत बनें। साथ ही ऋण को भी पूरी ईमानदारी के साथ चुकायें। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक/प्रबन्ध निदेशक आर.पी सिंह, उप निदेशक अल्पसंख्यक जगमोहन सिंह सहित मण्डल के सभी जिलों के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी सरकार जो भी मदद चाहेगी केन्द्र मुहैया करायेगा: नकवी



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** मोहर्रम कार्यक्रम में शिरकत करने केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी नई दिल्ली से विशेष विमान द्वारा शुक्रवार को अपने गृह जनपद प्रयागराज आए। उन्होंने प्रयागराज के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर कहा कि यूपी सरकार जो भी मदद चाहेगी उसे केन्द्र सरकार प्राथमिकता पर मुहैया करायेगी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने दारागंज और झूंसी इलाके में दोनों जगहों पर गंगा में आई बाढ़ का जायजा शास्त्री ब्रिज से लिया। उन्होंने कहा, इस प्राकृतिक आपदा से लोगों को हो रही परेशानी को देखकर मन दुखी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के साथ ही यूपी के दूसरे हिस्सों में आई बाढ़ से निपटने में यूपी सरकार की पूरी मदद केंद्र सरकार करेगी। उन्होंने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में योगी सरकार बेहतर काम कर रही है। राहत और बचाव के काम संतोषजनक है। मंत्री ने कहा सीएम योगी खुद जिलों में नाव पर बैठकर हालात का जायजा ले रहे हैं। सरकार बाढ़ की समस्या को कम करने के स्थाई समाधान भी तलाश कर रही है। उन्होंने कहा प्रयागराज समेत यूपी के हालात पर केंद्र सरकार नजर बनाए हुए है। मंत्री नकवी ने कहा, प्रयागराज के बाढ़ पीड़ितों के दर्द से मन व्यथित है। लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि केंद्र और यूपी की सरकार उनके साथ है। केंद्र सरकार जरूरत पड़ने पर हर संभव सुविधा व सहायता मुहैया कराएगा। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी खुद भी मानिटरिंग कर रहे हैं।

## वरूणा नदी में डूबने से छात्र की मौत

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** फूलपुर थाना क्षेत्र में स्थित वरूणा उर्फ वरना नदी में शुक्रवार दोपहर डूबने से कक्षा सात के छात्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शव खोज निकाला और विधिक कार्रवाई की। फूलपुर के हरिभानपुर गांव निवासी विपिन कुमार यादव 15वर्ष पुत्र राजमणि यादव दो भाइयों में बड़ा था। वह इस वर्ष सातवी कक्षा का छात्र था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर घर से अपने गांव के दोस्तों के साथ वरूणा उर्फ वरना नदी में बाढ़ देखने के लिए गया। जहां अचानक पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया और डूबने लगा। जबतक उसे बचाने के लिए उसके साथी कुछ कर पाते, इस दौरान वह गहरे पानी में समा गया। घटना की खबर मिलते ही उसकी मां रेनू देवी सहित परिवार के लोग पहुंचे।

## जहरीला पदार्थ खाने से अचेत महिला की हुई मौत

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** होलगढ़ थाना क्षेत्र के भगौतीपुर गांव में एक सप्ताह पूर्व जहरीला पदार्थ खाने से अचेत हुई महिला की उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह फाफामऊ स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। होलागढ़ के भगौतीपुर निवासी गीता देवी 40वर्ष पत्नी सज्जन पटेल एवं उसका पूरा परिवार एक सप्ताह पूर्व रहस्यम ढंग से जहरीला पदार्थ खाने से अचेत हो गया था। वारदात के दूसरे दिन 3 अगस्त को गीता देवी के पति सज्जन पटेल की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि उसके बेटे कोमल उर्फ अंकित, कुमारी अंकिता पांच वर्ष की 7 अगस्त को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

## जहरीला जन्तु काटने से महिला की मौत

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के भीखूपुर में शुक्रवार दोपहर जहरीला जन्तु के काटने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के भीखूपुर गांव निवासी आशा देवी 35वर्ष पत्नी पन्नेलाल के पुत्र और तीन बेटिया है। उसका पति मजदूरी करके किसी तरह परिवर का भरण-पोषण करता है। बताया जा रहा है कि आशा देवी सुबह घर में साफसफाई में लगी हुई थी। इसी दौरान उसे किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। जब उसकी हालत खराब हुई तो परिवार के लोग उपचार के लिए अस्पताल लेकर भागे। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## जहरीला पदार्थ खाकर छात्र ने की आत्महत्या

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** माण्डा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में शुक्रवार दोपहर कतिपय कारणों से क्षुब्ध होकर एक छात्र ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि परिवार के लोग उसकी जान बचाने की कोशिश में स्वरूरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया था। माण्डा के सोनवर्षा गांव निवासी मनोज कुमार 27वर्ष पुत्र नरेन्द्र कुमार तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। बताया जा रहा है कि शिक्षण ग्रहण करने के साथ घर के कार्य में ही सहयोग करता था। शुक्रवार सुबह उसने कतिपय कारणों से क्षुब्ध होकर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया।

# क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण एवं यमुना किनारे गांवों में बनेगा बांध: सिद्धार्थ नाथ



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** शहर पश्चिमी में क्षतिग्रस्त पुल का पुनः निर्माण एवं यमुना के किनारे गांवों में बांध बनेगा। यह बातें कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने शहर पश्चिमी के गांवों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के उपरांत कही।

मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह शुक्रवार को बक्शी मोड़ा, गोहठी करेंहदा, मदारीपुर और मैनापुर में विगत दिनों यमुना का जल स्तर बढ़ने से गांव में पानी भरने व आवागमन मार्ग बंद होने की खबर पर पहुंचे। जिला प्रशासन ने नावों को भेजकर आवगमन का साधन बना दिया था। दो दिनों से बारिश न होने से बड़ी तेजी से यमुना नदी से जलभराव घटने लग गया है। बक्शी मोड़ा में बारिश व बाढ़ से गिरे मकान को देखा। स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया। इस दौरान सुनील कुमार गुप्ता, बसंती प्रजापति को राहत सामग्री दिया और अभय निषाद का घर गिरने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के लिए एसडीएम सदर को निर्देशित किया। करेंदहा गोहठी गांव में पीड़ित गांव वासियों ने बताया कि पुलिया न होकर रपटा बना हुआ है, जो काफी नीचे होने के कारण जब भी बारिश होती है तो रपटा के ऊपर पानी बहने के कारण आवागमन बंद हो जाता है। उन्होंने तत्काल पीडब्ल्यूडी इंजीनियर को कहा कि पुल का प्रस्ताव बनाकर भेजें, यहां पर ऊँचा पुल बनेगा। बिसौना गांववासियों ने हर साल यमुना नदी का पानी से होने वाले नुकसान से रूबरू कराया। कहा हजारों किसानों की फसल डूब जाती है, ककरहा घाट यमुना के किनारे बांध बना दिया जाए तो समस्या का निराकरण हो जाएगा। किसानों के अनुरोध पर शहर पश्चिमी में यमुना के किनारे किनारे बांध बनाने का सिंचाई विभाग को आदेशित करते हुए जल्द प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। कहा कि योगी सरकार किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को निराकरण कराने में प्रतिबद्ध है।

मदारीपुर गांव में गांववासियों ने सिंगल लेन की सड़क से होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया। जिस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारी को सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन में भेजने को कहा। मैनापुर गांव में आयी बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल और धंसी सड़क का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से कहा कि स्थायी समाधान का मार्ग तलाशें जिससे भविष्य में गांववासियों को बाढ़ से कठिनाई न हो। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि शहर पश्चिमी का गांव काफी पिछड़ा इलाका था। पूर्व की सरकारों ने गांववासियों के लिए कुछ भी नहीं किया। अब 30-35 सालों की खाई पाटने का प्रयास कर रहा हूं। इस मौके पर अनिल सिंह, कमलेश कुमार, राजू राय, रामलोचन साहू, देवेश सिंह, रमेश पासी, रामजी शुक्ला, प्रेम नारायण केसरवानी, ज्ञान बाबू केसरवानी, संजय श्रीवास्तव, मंजीत कुशवाहा, श्याम पाल, राजाराम पाल, श्रवण पाल, राजेश सिंह पटेल, रंजीव सिंह पटेल, राजेश सिंह, प्रदीप केसरवानी उर्फ शिब्बू, अंजनी यादव, कमलेश सिंह, सुरेश पासी, रामजी सोनकर, विपिन साहू सहित एसडीएम सदर, उपायुक्त उद्योग, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, पीडब्ल्यूडी अभियंता, थाना प्रभारी करेली, पिपरी, धूमनगंज पुलिस सहित उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल ने सिविल लाइंस में अवैध पार्किंग स्टैंड बंद होने पर उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सिविल लाइंस महात्मा गांधी मार्ग पर चलाई जा रही पार्किंग स्टैंड का विरोध लगातार होता रहा है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने पार्किंग को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया। इसकी शिकायत नगर आयुक्त रवि रंजन, शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भी इसकी शिकायत की गई। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों को बुलाकर सिविल लाइंस एमजी मार्ग पर चल रहे सर्विस लेन में पार्किंग को तुरंत बंद करने को कहा। जिसके लिए सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज जायसवाल व महामंत्री अमित सिंह ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का आभार व्यक्त किया। जिसके लिए सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज जायसवाल महामंत्री अमित सिंह ने कहा कि शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने नगर आयुक्त रवि रंजन से बात कर व्यापारियों से वार्ता कराकर एमजी मार्ग की पार्किंग रद्द करने को कहा था। जिससे व्यापारियों ने नगर आयुक्त के साथ साथ समस्त पार्षदों को भी धन्यवाद दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 सितम्बर को

**प्रतापगढ़, संवाददाता।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं संजय शंकर पाण्डेय माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दिनांक 11 सितम्बर 2021 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयो पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा।

# लोक सेवा आयोग में मानसून महोत्सव पर 1500 पौध रोपित

**श्रमदान से शरीर स्वस्थ एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता से युक्त रहेगा: अध्यक्ष**




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज परिसर में शुक्रवार को आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत की अध्यक्षता में मानसून महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोग परिवार के लगभग 700 कर्मियों ने सपरिवार फलदार एवं शोभाकार 1500 पौधों का रोपण वन विभाग के सहयोग से किया।

इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग की सामाजिक भूमिका प्रशासकों के चयन मात्र से समाप्त नहीं हो जाती है, बल्कि एक संस्था के रूप में उसे भावी प्रशासकों के लिए आदर्श भी प्रस्तुत करना चाहिए और सरकार द्वारा समाज कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों में योगदान करना चाहिए। उन्होंने वृक्षों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जैसे हम भगवान को एवं अपने माता-पिता को अपने जीवन के लिए धन्यवाद देते हैं, उसी प्रकार इन वृक्षों को भी हमें अपने जीवन के सुचारू ढंग से चलने में प्रभावशाली भूमिका के लिए धन्यवाद देना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रमदान से स्वच्छता अभियान मूर्तरूप ले सकेगा और शरीर स्वस्थ एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता से युक्त रहेगा। उन्होंने कहा जिन कर्मियों ने पौधरोपण किया वे अगले दो वर्षों तक पौधों की देख-रेख करें। आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ रामजी मौर्य ने वृक्षारोपण के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए इसे अपनी आत्मा से जोड़ने का सभी को संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अतिथियों में मुख्य वन संरक्षक एन रवीन्द्रा, उप निदेशक उद्यान नीरज शुक्ला, वन संरक्षक प्रयागराज, बी.आर अहिरवार प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र, संयुक्त कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला वानिकी अधिकारी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त आयोग के सचिव, परीक्षा नियंत्रक के साथ समस्त उप सचिव, अधिकारी व कर्मचारी सहित सदस्यगण प्रो आरएन त्रिपाठी, डॉ हरेश प्रताप सिंह, किशनवीर सिंह शाक्य, कल्पराज सिंह, डॉ सवित अग्रवाल एवं संतोष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## चार दिन से गायब किसान का शव गंगा में मिला

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के भीखनपुर के समीप गंगा में उतराता हुआ एक किसान का शव शुक्रवार दोपहर पाया गया। बताया जा रहा है कि वह चार दिन से गायब था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। नवाबगंज के बुनौना गांव निवासी कमलेश 40वर्ष पुत्र राम सेवक खेती करके एक पुत्री एवं दो बेटे और पत्नी गोपलही उर्फसंगीता का भरण-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह घर से निकला और वापस नहीं लौटा। देर होती देख परिवार के लोग उसकी खोजबीन करने लगे। शुक्रवार को भीखनपुर गांव के समीप गंगा में उसका शव उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा। यह देखते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाविकों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाय और विधिक कार्रवाई की।

# अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ जारी, नागपंचमी पर दूध से अभिषेक

**भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पार्थिव शिवलिंग बनाकर करें पूजन: श्याम सूरत पाण्डेय**




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** विश्व जन कल्याण, कोरोना महामारी से निजात एवं मनोकामना पूर्ति हेतु नैतिक विकास शोध संस्थान सेवा ट्रस्ट प्रयाग के तत्वावधान में जारी अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ लगातार जारी है। श्री कृपासिंधु हनुमान (काले हनुमान) मन्दिर त्रिवेणी बाँध पर आज भक्तों ने नाग पंचमी के शुभ अवसर पर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं दुग्धाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से सर्व मनोकामना पूर्ति हेतु आशीर्वाद माँगा।

मुख्य अतिथि महन्त राधामाधव दासजी महाराज निम्बार्क आश्रम उपस्थित रहे। मुख्य यजमान ओपी सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सपरिवार भगवान भोलेनाथ का गाय के दूध से अभिषेक किया। यज्ञ स्थल पर शिवपुराण की कथा कहते हुए महन्त राधामाधव ने कहा कि नागपंचमी के अवसर पर नागों को दूध चढ़ाने की परम्परा है। भगवान शिव को नाग प्रिय है और उन्हें प्रसन्न करने के लिए नागों को दूध चढ़ाया जाता है। नैतिक विकास शोध संस्थान सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एवं यज्ञ संयोजक श्याम सूरत पाण्डेय ने बताया कि सावन के महीने में और नागपंचमी के दिन शिवलिंग का दूध से अभिषेक किया जाता है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन की कथा विष्णु पुराण और भागवत पुराण में वर्णित है। जिसके अनुसार समुद्र मंथन के दौरान संसार को बचाने के लिए जब भगवान शिव ने विष पी लिया था तब उनका पूरा कंठ नीला हो गया था, इस विष का प्रभाव शिव और उनकी जटा में बैठी देवी गंगा पर भी पड़ने लगा। ऐसे में समस्त देवी देवताओं ने शिवजी से दूध ग्रहण करने का आग्रह किया। शिव ने जैसे ही दूध ग्रहण किया उनके शरीर में विष का असर कम होने लगा। तभी से शिवलिंग पर दूध चढ़ाने की परम्परा शुरू हुई। मान्यता है कि नागपंचमी के दिन दूध का दान करने से चन्द्रमा मजबूत होता है, जल में थोड़ा सा दूध डालकर स्नान करने से मानसिक तनाव दूर होता है और चिन्ताएं कम होती हैं। पार्थिव शिवलिंग का दूध से रुद्राभिषेक करने पर मनुष्य की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। कार्यक्रम में प्रमुख संरक्षक फूलचन्द्र दुबे, बी.के पाण्डेय, राजनाथ तिवारी, राजेन्द्र तिवारी दुकानजी, महासचिव सत्य प्रकाश पाण्डेय, चन्द्रनाथ चकहा मधु, आशा पाण्डेय, योगिराज देवरहा जंगल बाबा, श्रवण दुबे, धर्मेन्द्र गिरी, प्रभाकर मिश्र बनकटा, अधिवक्ता सुरेन्द्र नारायण मिश्रा विनोद, अधिवक्ता अवधेश तिवारी, अनुराग सिंह, कृपाशंकर शुक्ला, पीयूष तिवारी, डॉ प्रमोद शुक्ला, शोभित मिश्रा सोमू, शिवम मिश्रा, विजय निषाद छोटू, सुधांशु वर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# नागपंचमी पर पूजा अर्चना के बाद बच्चों ने पीटी गुड़िया

## ❑ कई स्थानों पर लगे मेले, जमकर हुई खरीदारी, लोगों के घरों में बने पकवान


सावन में झूला झूलते एवं गुड़िया पीटते बच्चे

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के अलावा ग्रामीणांचलो में नाग पंचमी का पर्व शुक्रवार को मनाया गया। नाग पंचमी पर्व कई स्थानों में कुछ अलग ढंग से मनाने की परम्परा लंबे समय से चली आ रही है। कहीं मंदिर के निकट भव्य गुड़ियों का मेला आयोजित किया गया तो कहीं मान्यता के अनुसार लोगों ने पूजा अर्चना की। कई मंदिरों को की रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। वहीं छोटे बच्चों ने कपड़ों से बनाई रंग बिरंगी गुड़ियों को जमकर कूटा और त्योहार मनाया। मेले में भी बच्चों के अलावा बड़ों की भीड़ रही और लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। शहर के मुराइनटोला, कलक्टरगंज, आर्य समाज आदि मोहल्लों में मेलों की आयोजन किया गया। यहां नागपंचमी का त्योहार गुड़िया पर्व के नाम से जाना जाता है। वह त्योहार काफी भव्यता व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उसी परम्परा के अनुसार कपड़ें की रंग बिरंगी गुड़ियों को तैयार करके छोटे बच्चे नीम की सजी धजी डंडी से कूटते है। यहां पर भी गुड़ियों कूटने की परम्परा वर्षो से चली आ रही है। बच्चों में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह रहता हैं नागपंचमी पर ज्यादातर हिन्दू घरों मे पकवान बनाए जाते है। महिलाएं श्रंगार के साथ आसपास के मंदिर एवं मेला में शिरकत करती है। साथ ही सावन माह होने के चलते त्योहार में झूला झूलने की परम्परा भी है।

त्योहार में शहर में तो झूला कहीं नही नजर आए लेकिन ग्रामीणांचलों में झूलों की मस्ती देखने को मिली। लोग अपने-अपने घरों से रंग बिरंगे कपड़ों की गुड़ियां भी तैयार की गई। शाम के समय छोटे बच्चे सज धज कर तैयार हुए और उन्होने पहले से ही तैयार की गई नीम की हरी डंडी से गुड़ियों को कूटा। कई स्थानों पर गुड़िया कूटने का काम हुआ यहां पर भव्य मेला आयोजित किया गया। इस मेले में बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले व खेल खिलौनों की दुकाने लगाई गई थी। बच्चों ने जमकर मस्ती की।

## गाय से टकराई बाइक, उपचार दौरान महिला की मौत

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** थरियांव थाना क्षेत्र के श्यामनगर के समीप गुरूवार की देर शाम सड़क पार कर रही गांव से टकराकर भाई के साथ मायके जा रही 28 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर वापस गॉव चले गए। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के बुसारा गांव निवासी राजू की पत्नी रश्मि गुरूवार की देर शाम अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से मायके जा रही थी। बताते हैं कि बाइक जैसे थरियांव कस्बा के श्यामनगर के पास पहुंची तभी अचानक सड़क पार कर रही गाय से बाइक टकरा गई जिससे रश्मि गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने के इरादे से शव को अपने घर ले गए।

# अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

## सहायता स्वरूप राहत सामग्री उपलब्ध कराई


पीड़ित परिवार को राहत सामग्री देते कांग्रेसी

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** गुरुवार को खागा विधानसभा के चितौली ग्राम सभा में अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिलने शुक्रवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। कांग्रेसियों ने पीड़ित परिवार का हालचाल लेने के बाद स्थिति का जायजा लेते हुए सहायता स्वरूप राहत सामग्री उपलब्ध कराई। प्रशासनिक स्तर से भी मदद दिलाए जाने का भरोसा दिलाया।

बताते चलें कि चितौली गांव निवासी राजू सिंह के घर खाना बनाते समय सिलेंडर लीकेज हो जाने के कारण आग लग गई थी। जिसमें पीड़ित परिवार का पूरा समान जलकर राख हो गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने एक प्रतिनिधि मंडल गठित कर पीड़ित से मुलाकात के लिए भेजा और नुकसान के आंकलन की जिम्मेदारी सौंपी। प्रतिनिध मंडल के डॉ0 अतुल पासवान, सिंह मौर्य, धर्मेन्द्र तिवारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हादसे की पूरी जानकारी प्राप्त की। डा0 अतुल पासवान ने बताया कि पीड़ित परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था। अब इस घटना के बाद से परिवार के सामने खाने की भी दिक्कत आ गई है। इसलिए कांग्रेस पार्टी की ओर से पीड़ित परिवार को राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। प्रशासनिक स्तर से जो भी मदद परिवार की हो सकती है उसका भी प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर ननकू सिंह, बुद्धसेन पासवान, घनश्याम सिंह, बैजू गौतम, फूल करन सिंह, शैलेन्द्र, विजय, राम नारायण, शाहनूर, जगतपाल, मोहन लाल भी मौजूद रहे।

## बिन्दकी विधायक ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित


मेधावी छात्रों को ट्राफी देकर सम्मानित करते विधायक करण सिंह पटेल

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के रानी कालोनी वीआईपी रोड स्थित विद्या निकेतन इंटर कालेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बिन्दकी विधायक करण सिंह पटेल ने छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

हाईस्कूल की परीक्षा में सपना सरोज 94.66 प्रतिशत, आयुष यादव 94.5 प्रतिशत, वर्तिका सिंह 93.83 प्रतिशत व इंटरमीडिएट में रिचा सिंह 87.6 प्रतिशत, कृति उमराव 86.6 प्रतिशत, आदर्श पाल 85.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए बिन्दकी विधायक करण सिंह पटेल ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं की मेहनत रंग लाई है कोरोना काल में विद्यालय बंद होने के बावजूद इन छात्रों ने घर पर रहकर आनलाइन पढ़ाई करके विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है। उन्होने सभी छात्रों का आहवान किया कि वह भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करके आगामी वर्ष में अपना नाम रोशन करने का काम करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैलाश सिंह, अध्यापक राहुल यादव, रोहित कुमार, मनीष कुमार, अजय कुमार, रणधीर सिंह भी मौजूद रहे।

## फांसी लगा फालोवर ने किया आत्महत्या

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में बीती रात मानसिक तनाव के चलते 35 वर्षीय फालोवर ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार देवरी गांव निवासी स्व0 राज कुमार का पुत्र वीरेन्द्र सिंह जालौन जनपद के पुलिस लाइन में फालोवर था। बताते हैं कि 9 माह पूर्व वह घर वापस आ गया था उसके बाद नहीं गया। इसी बीच उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और बीती रात घर के अन्दर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के फुफेरा भाई राजेन्द्र सिंह ने घटना के बाबत जानकारी दी।

## देखो कहीं भी गंदगी रहने न पाए



**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** पन्द्रह अगस्त के मद्देनजर सफाई व्यवस्था को लेकर निकाय प्रशासन चौकन्ना हो गया है। महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास के इलाके को साफ सुथरा बनाया जा रहा है। काम पर नजर रखने के लिए खुद निकाय फील्ड पर नजर आ रही हैं। शुक्रवार ईओ मीरा सिंह ने शहर में सफाई कर्मियों के कामकाज का स्थलीय निरीक्षण किया। काम के दौरान उन्होंने कई सफाई कर्मियों को संजीदगी से काम करने की ताकीद की। लापरवाही न बरतने का संदेश देते हुए आगामी स्वतंत्रता दिवस के उल्लास और उत्साह को साफ सुथरा माहौल देने के निर्देश दिए। निकाय अफसर की मौजूदगी के चलते सफाई कर्मियों को जूझते देखा गया। निरीक्षण के दौरान सेनेटरी ऑफिसर राकेश कुमार गौड़, मोहम्मद हबीब भी मौजूद रहे।

## पड़ोसी को घेरकर मारी गोली, पुलिस पर भी झोंके फायर

### ❑ सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर गुरुवार की शाम की थी गाली गलौज
### ❑ दोनों हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जानलेवा हमले की लिखी रपट

**खखरेरू-फतेहपुर, (संवाददाता)।** नल में पानी भरने के विवाद में पड़ोसी को दो सगे भाइयों ने घेरकर गोली मार दी। जिससे पड़ोसी लहूलुहान हो गया। हमला चारा डालने जाते वक्त किया गया। गोली चलने की जानकारी मौके पर पहुंची पुलिस के ऊपर भी फायर किए गए। दोनों हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जानलेवा हमला करने की एफआईआर लिखी है।

थाना क्षेत्र के नंदन का पुरवा मजरे चचीड़ा निवासी राजाराम के बेटे कमलेश के घर के बगल में सरकारी हैंडपंप लगा है। गुरुवार की शाम कमलेश एक लोटा पानी भर रहा था। पड़ोसी घसीटे के बेटे श्रीनाथ ने गाली गलौज की। देर शाम के कारण मामला शांत हो गया। इसी खुन्नस में शुक्रवार सुबह कमलेश पर उस समय हमला बोल दिया गया। जब वह जानवरों को चारा डालने जा रहा था। गोली कमलेश के दाहिने हाथ पर लगी। गोली की आवाज सुनकर परिजन व पड़ोसी जमा हो गये। घटना की सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर दीप नारायण सरोज अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाइयों ने इंस्पेक्टर के ऊपर भी फायर झोंक दिया लेकिन फायर मिस्स हो गया। इस पर इंस्पेक्टर ने सर्विस रिवाल्वर निकाली तो आरोपियों ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देखकर रेफर कर दिया। जिसे कानपुर ले जाया गया है। पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### श्रीनाथ बना थाने की चौकीदारी से दबंग

**खखरेरू-फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** श्रीनाथ स्थानीय थाने में पूर्व में चौकीदार रहा है। यहीं से पुलिस की छाव में रहकर ये गांव व पड़ोस के लोगों से बात-बात पर झगड़ा करने लगता था। लोगों की मानें तो थाने में रहकर इसने दबंगई की शुरुआत कर दी थी। बार-बार शिकायत पर पुलिस ने इसे रिपोर्ट देकर बर्खास्त करवा दिया था।

### नल में लगाया था ताला, पुलिस ने खुलवाया

**खखरेरू-फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** जिस नल से पानी भरने के विवाद में गोली मारी गयी है। इसी नल में श्रीनाथ ने थाने में चौकीदार रहते हुए ताला लगा लिया था। जिस पर प्रधान व गांव के लोगों ने शिकायत की थी तो पुलिस ने ताला खुलवा दिया था। इसी कारण वह कमलेश से रंजिश मानने लगा था।

## शिविर व महिला जनसुनवाई कार्यक्रम 18 को

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता सचान की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में 18 अगस्त को शिविर का आयोजन एवं महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

शिविर में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं महिलाओं से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महत्वपूर्ण योजनाओं से अधिकतम पात्र बच्चों को लाभान्वित कराये जाने के साथ ही जागरूकता शिविर के माध्यम से कोविड-19 महामारी से पीड़ित परिवारों एवं अन्य सुपात्र परिवारों की महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं निराश्रित महिलाओं को पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बनवाये जाने, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित कराया जाएगा।

## राह चलते टिक रही इश्तहार पर नजर

### कान्वेंट स्कूल की तर्ज पर दिख रही प्राइमरी स्कूल अस्ती की होर्डिंग

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** कॉन्वेंट स्कूल की तर्ज पर जगह-जगह प्राइमरी स्कूल अस्ती का प्रचार व प्रसार नजर आ रहा है। सरकारी स्कूल की होर्डिंग पर हर किसी की निगाहें टिक रही हैं। तालीम और संस्कार के मूल्यों को प्रदर्शित करती स्कूल की होर्डिंग उन प्राइमरी स्कूलों के लिए नजीर है, जो निजी स्कूलों की सुविधाओं और सेवाओं को आगे रहकर अपनी जिम्मेदारियों से बचते चले आ रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग का प्राइमरी स्कूल अस्ती, कई मायनों में दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनता चला आ रहा है। प्रधानाध्यापक आशिया फारुकी का संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति इस स्कूल की पहचान बन चुकी है। नवाचारों से हमेशा चर्चा में रहने वाले सरकारी स्कूल अस्ती की शहर में तमाम जगह होर्डिंग दिख रही है। प्रचार के इस माध्यम को समाज के सामने लाकर सरकारी स्कूल ने यह साबित करने का प्रयास किया है कि भले ही स्कूल के आगे सरकारी ठप्पा लगा है लेकिन काम कॉन्वेंट से भी उम्दा हो रहा है।

प्रधानाध्यापक का मानना है कि हम अपने बच्चों को वो सभी सुविधा देना चाहते हैं जो प्राइवेट स्कूल के बच्चों को मिलती है।

### विधिक जागरूकता शिविर में कैदियों की सुनीं समस्या

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह तृतीय के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार में निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सचिव पूर्णकालिक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर में जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान, जेलर संजय चन्द्र, डिप्टी जेलर अंजनी कुमार, पैरालीगल वालेंटियर्स वारिद मिश्रा ने भी हिस्सा लिया। सचिव ने कारागार में महिला बंदियों की समस्याएं सुनीं। जेल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बंदी 15 अगस्त के अवसर पर गायन प्रतियोगिता, साइकिलिंग का अभ्यास कर रहे हैं। जेल अधीक्षक ने बताया कि जिन बंदियों को सजा हो गई है, उनकी निर्णय की प्रति एवं बंदियों का वर्गीकरण संबंधित न्यायालय से प्राप्त नहीं हो पाता है।

## स्थानान्तरण पर तहसीलदार को दी विदाई


स्थानान्तरित तहसीलदार को स्मृति चिन्ह देकर विदाई देते एसडीएम व अन्य

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** सदर तहसील में तीन वर्ष से अधिक समय तक तैनात रही तहसीलदार विदुषी सिंह के जनपद सुल्तानपुर स्थानांतरण होने पर सदर तहसील परिसर स्थित सभागार में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा द्वारा तहसीलदार विदुषी सिंह को स्मृति चिन्ह देते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई।

सदर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक व लेखपालों ने तहसीलदार विदुषी सिंह को बुके व स्मृति चिन्ह देकर उनके कार्यकाल के दौरान मिले स्नेह व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विदाई स्वागत कार्यक्रम में तहसील स्थित सभागार को सजाया गया था। विदाई समारोह में स्टाफ से मिले सहयोग एवं विदाई कार्यक्रम में भावुक होते हुए तहसीलदार रही विदुषी सिंह ने तैनाती के दौरान सभी सहयोगियों एवं समस्त तहसील स्टाफ की प्रशंसा करते हुए स्थानांतरण को सेवाकाल का हिस्सा बताया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अधीनस्थों से मिले सहयोग पर सभी का आभार प्रकट किया।

सम्मान समारोह के पश्चात बैंडबाजे के साथ तहसीलदार विदुषी सिंह को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गयी। इस मौके पर तहसीलदार सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार न्यायिक गणेश प्रसाद, प्रशिक्षु एसडीएम विनीत कुमार, नायाब तहसीलदार विकास पाण्डेय, उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्रा, मंत्री छत्रपाल गुप्ता, लेखपाल ओम प्रकाश, राजस्व निरीक्षक संघ के जिला मंत्री अनवर हुसैन, ऋचा सचान, शिखा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में वृद्ध समेत दो घायल

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा एनएच-2 में शुक्रवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आ जाने से मोटरसाइकिल सवार वृद्ध समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के गोकन गांव निवासी स्व0 शिवदर्शन का 73 वर्षीय पुत्र कल्लू गांव के ही मुन्ना प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र रज्जन के साथ मोपेड से थरियांव किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही ये लोग बिलन्दा के समीप एनएच-2 में पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल हो उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**खागा-फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** कोतवाली क्षेत्र के सुजानीपुर गांव में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिसका दिमागी संतुलन सही नहीं था। परिजनों के बचाने से पहले ट्रेन आ गई और युवक के परखच्चे उड़ गए। घटना से कोहराम मच गया।

खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुर गांव के समसुल का बेटा साजिद (20) स्नातक पास था। लंबी बीमारी के कारण डेढ़ साल से युवक का दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। सुरक्षा के दृष्टिगत उसे घर में एक तरह से कैद करके रखा जाता था। शुक्रवार की सुबह साजिद घर से किसी तरह निकलकर पश्चिम भीटा रेलवे लाइन के पास ट्रेन के सामने आ गया। उधर, दिमागी रूप से विक्षिप्त युवक को घर के लोगों ने पीछा किया लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। उनकी आंखों के सामने साजिद के चीथड़े उड़ गए। समसुल मूल रूप से पाली के रहने वाले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पांच किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** गाजीपुर थाना पुलिस ने कस्बे के चौराहे पर चेकिंग के दौरान पांच किलो गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक बाइक भी बरामद की है। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

अवैध मादक पदार्थो की बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजीपुर थानाध्यक्ष नीरज कुमार यादव अपने हमराही सिपाहियों के साथ चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार युवक आता दिखाई दिया। जिसको रोक कर बोरी की तलाशी ली गई तो उसमें पांच किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने युवक समेत बाइक को कब्जे में ले लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम संजय कमार निवासी ग्राम मुहल्ला कटरा कस्बा चिल्ला थाना चिल्ला जनपद बांदा बताया। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि वह गांजे की बिक्री करने जा रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक संजय सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, त्रिभुवन नाथ सिंह, कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह, चालक राम आशीष मौजूद रहे।

## रमीज़ बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री


अल्पसंख्यक मोर्चा के नवमनोनीत क्षेत्रीय मंत्री रमीज

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुंदेलखण्ड के क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ने मोहल्ला छोटी बाजार चूड़ी वाली गली निवासी रमीज़ खान को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए क्षेत्रीय मंत्री नियुक्त किया है। रमीज़ खान के क्षेत्रीय मंत्री बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा मोहल्लेवालों ने हर्ष व्यक्त किया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रमीज़ खान के आवास पहुँचकर फूलमालाओं से लादकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

नवमनोनीत क्षेत्रीय मंत्री रमीज़ खान ने बताया कि सदर विधायक विक्रम सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, मुखलाल पाल व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी फैजान रिज़वी के मार्गदर्शन में वह विगत कई वर्षो से पार्टी में रहकर सेवा कर रहे है। नए दायित्व मिलने पर उसे पूरी निषष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने एव मुस्किम समाज को पार्टी से जोड़ने के लिये कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है। बिना भेदभाव के सभी समाज को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### वृद्ध महिला समेत तीन ने खाया जहर

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत वृद्ध महिला, किशोरी समेत तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के आईटीआई निवासी बृजेश बाजपेई की 55 वर्षीय पत्नी कमला बाजपेई ने आज सुबह घरेलू कलह के चलते जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी सिद्धू के 35 वर्षीय पुत्र धोनी ने मानसिक तनाव के चलते जहर खा लिया जबकि किशनपुर थाना क्षेत्र के अंजना भैरव गांव निवासी पुस्सू की 17 वर्षीय पुत्री निर्मला को आज सुबह उसकी माँ ने डाट डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब तीनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने कमला बाजपेई व धोनी की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## पूरे शहर में होगी पीने के पानी की जाँचः महापौर

**लखनऊ, संवाददाता।** महापौर संयुक्ता भाटिया ने बालू अड्डा पर फैले डायरिया को मद्देनजर रखते हुए पूरे लखनऊ में व्यवस्थाएं ठीक करने के लिए नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाकर कील काटे दुरस्त करते हुए समस्त व्यवस्थाए ठीक कराने के लिए निर्देशित किया। महापौर के निर्देश पर महाप्रबंधक जलकल द्वारा बताया गया कि कही भी दूषित पानी की समस्या आये तो 6390260100 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराए। महापौर संयुक्ता भाटिया ने महाप्रबंधक जलकल को समस्त शहर में हर स्थान पर पीने के पानी की जाँच कर रिपोर्ट उनके कैम्प आफिस भेजने के लिए निर्देशित किया। साथ ही दूषित पानी पाए जाने पर तत्काल टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए भी कहा। महापौर ने कहा कि नगर निगम के पास पर्याप्त मात्रा में पेयजल के लिए टैंकर उपलब्ध है जिसे उपयोग में लाकर शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही समस्या का निस्तारण तत्पर्यता से किया जाए। सीवर सफाई हेतु शहर में देख रही प्राइवेट कंपनी स्वेज इंडिया और जलकल में समन्वय की कमी को दूर करने के लिए जलकल और स्वेज के अधिकारियों की समिति बनाए जाने के निर्देश महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा दिये गए। ज्ञात हो कि कई जगह पर समन्वय की कमी से कार्यो में दिक्कत आयी थी।नगर अभियंता जैदी ने महापौर को बताया कि कई ऐसे स्थान है जहाँ नालो और नालियों के बीच मे पेयजल की पाइपलाइने गुजर रही है। जिससे पेयजल में संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है, इसके साथ ही कई वर्षो पुरानी पड़ी हुई पाइपलाइनों की लाईफ लाइन भी समाप्त हो रही है जिसपर महापौर ने ऐसे सभी पाइपलाइनों की जांच कर उन्हें रेड, येलो और ग्रीन कैटेगरी में विभाजित कर रेड कैटेगरी की पाइपलाइनों को चरणबद्ध तरीके से बदलने का निर्देश दिए। साथ ही नालो और नालियों से गुजर रही पीने के पाइपलाइनों को भी हटाने के निर्देश दिए।

# नवनिर्वाचित सदस्यों का बार एसोसिएशन ने किया सम्मान


नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते बार अध्यक्ष व महामंत्री

**फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** जुनैल जस्टिस बोर्ड व बाल कल्याण समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों का शुक्रवार डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने सम्मान समारोह आयोजित किया। सभी सदस्यों को फूल-माला पहनाकर एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जुनैल जस्टिस बोर्ड के नवनिर्वाचित सदस्य कैलाश नाथ मिश्रा, माण्डवी दीक्षित व बाल कल्याण समिति के नवनिर्वाचित सदस्य राजेन्द्र साहू, रामकृष्ण पाण्डेय एडवोकेट व अपर्णा पाण्डेय का स्वागत समारोह आयोजित हुआ। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट व महामंत्री आशीष गौड़ ने फूल-मालाओं व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि एसोसिएशन हर कदम पर आपके साथ खड़ा है। महामंत्री ने कहा कि एसोसिएशन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देता है। इस मौके पर अधिवक्ताओं में साधना मिश्रा, आरडी तिवारी, अजय कुमार त्रिपाठी, धनंजय सिंह, ललित मिश्रा, अनूप शुक्ला, नागेन्द्र प्रताप सिंह, सुधीर तिवारी, अब्दुल करीम खां, मणि प्रकाश दुबे, हितेन्द्र बहादुर सिंह, संतोष त्रिपाठी, वागीश श्रीवास्तव, रवि प्रताप सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**खागा-फ्तेहपुर, (संवाददाता)।** कोतवाली क्षेत्र के सुजानीपुर गांव में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिसका दिमागी संतुलन सही नहीं था। परिजनों के बचाने से पहले ट्रेन आ गई और युवक के परखच्चे उड़ गए। घटना से कोहराम मच गया। खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुर गांव के समसुल का बेटा साजिद (20) स्नातक पास था। लंबी बीमारी के कारण डेढ़ साल से युवक का दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। सुरक्षा के दृष्टिगत उसे घर में एक तरह से कैद करके रखा जाता था।

# मिशन यूपी के लिए कांग्रेस की रणनीति तैयार

❑ बीजेपी गद्दी छोड़ो अभियान से वापसी की कवायद ❑ 403 निर्वाचन क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन शुरू



चित्रकूट ब्यूरो। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गाँधी वाड्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के आह्वान पर अगस्त क्रांति की 79वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महासचिव मीडिया से रूबरू हुए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने बताया कि कांग्रेस 403 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की है। इस विरोध प्रदर्शन को बीजेपी गद्दी छोड़ो का नारा दिया गया है। इसी नारे के दम पर कांग्रेस फिर से खुद को यूपी में खड़ा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि खुद को फिर देश के सबसे बड़े राज्य में मजबूत करने में जुटी कांग्रेस अब नए कलेवर में नजर आएगी। यूपी कांग्रेस राज्य की योगी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंकने जा रही है। क्विट इंडिया की तर्ज पर महंगाई, किसान और बेरोजगारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। रणनीति के मुताबिक हर क्षेत्र के मुख्य बाजार में पांच किलोमीटर तक कांग्रेस का काफिला जाएगा और बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी करेगा। प्रियंका गांधी भी लगातार किसान, महिला सुरक्षा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठा रही हैं। यूपी प्रदेश महासचिव पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा नकली रामराज के नाम पर भगवान राम को बदनाम कर रही है। भगवान के भक्त तो कांग्रेसी भी हैं, लेकिन हम दिखावा नहीं करते। भगवान राम ने यहां वर्षो तपस्या की थी, इसी के चलते देश में पीढ़ियों तक रक्षा होती रही है। इसी तरह कांग्रेसी यहां तपस्या कर रहे हैं। 2022 में भाजपा को गद्दी से हटाकर नए प्रदेश का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में चारों तरफ बाढ़ और सूखे के हालात हैं। चारों तरफ गौ हत्याएं हो रही हैं। गौशाला के बाद भी अन्ना पशु छुट्टा घूम रहे हैं और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे पा रही है। किसानों के ऊपर कर्जा है। इसलिए कांग्रेसियों ने ठानी है कि 2022 में योगीराज से यूपी को हर हाल में बचाएंगे। प्रियंका गाँधी के सपनों को पूरा करना है। उनका सपना है कि सब के उनका हक मिले। गरीब, किसान मजदूरों को उनका हक मिले। महिलाएं सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सैलाब की तरह है। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से उतरेगी और भाजपा को गद्दी से उखाड़ फेंकेगी। कांग्रेस समाजवाद है, कांग्रेस बहुजन वाद है। सपा कहती है कांग्रेस मुस्लिम विरोधी है, भाजपा कहती है कांग्रेस हिंदू विरोधी है, लेकिन सरसों का तेल कहता है कि कांग्रेस जनता की हितैषी है। पेट्रोल और डीजल कहते हैं कि कांग्रेस जनता की हितैषी है। कांग्रेस के अलावा रोजी-रोटी कोई सरकार नहीं दे सकती है। 2022 में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है।

प्रभारी प्रदेश सचिव संजय तिवारी ने कहा कि कांग्रेस 70 सालों से लड़ाई लड़ रही है। जिस समय लोगों के सिर पर छत नहीं थी, खाने को रोटी नहीं थी, उस समय नेहरू ने देश को बचाया था। आजादी के आंदोलन में भी पार्टी ने संघर्ष किया था। पार्टी धरना प्रदर्शन कर डॉ कफील को जेल से छुड़ाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन सपा ने जेल में बंद आजम खान के साथ उसकी रिहाई के लिए कुछ नहीं किया। इस लिए 2022 में मुसलमान कांग्रेस को वोट करेंगे।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, कांग्रेस नेत्री रंजना बराती लाल पांडेय, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## वीर दुर्गादास राठौर की 383वीं जयन्ती धूमधाम मनाई गई

महोबा, (संवाददाता)। जिला मुख्यालय महोबा में आफिसर्स कालोनी के पास माँ शीतला देवी मन्दिर एवं बिलबई तिराहा आलमपुरा महोबा में राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर की 383वीं जयन्ती धूमधाम के साथ मनायी गयी. सबसे पहले राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर फूल मालाएं डाल कर हार्दिक श्रध्दा सुमन अर्पित किए, इसके उपरान्त राठौर समाज के गोकुल प्रसाद लेखपाल. ओम प्रकाश राठौर एडवोकेट. राजकुमार एडवोकेट. धर्मेन्द्र राठौर. दयाशंकर. राम अवतार. किशोरी लाल. दृगपाल. मनोज.लक्ष्मी प्रसाद. पत्रकार महेन्द्र कुमार राठौर. पप्पू राठौर. समेत अन्य स्वजातीय बन्धुओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके पराक्रम और वीरता के बारे में जानकारी दी. इसके बाद भजन कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. इसी तरह शहर के बिलबई तिगेला स्थित शिक्षक जीतेन्द्र राठौर के आवास पर राष्ट्र वीर दुर्गादास जयन्ती मनायी गयी।

# ग्राम पंचायतों के सचिवालय में उपस्थित रहें सचिव और लेखपालः डीएम

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में कार्यालय, सचिवालयों को क्रियाशील बनाए जाने एवं उनमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, किसान सहायक, रोजगार सेवक, बीट सिपाही, बिजली विभाग कर्मचारी, बैंक सखी एवं जन सेवा केंद्र के कर्मी को निर्धारित दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालयों में उपस्थित रहकर जनता के कार्य करने एवं नियमित रूप से प्रत्येक दिन बैठने के लिए निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत सचिवालय में निर्धारित रोस्टर के अनुसार यह सभी कर्मचारी समय से उपस्थित रहकर जनपयोगी के कार्य सुनिश्चित करेंगे। बैंक सखी एवं बीट सिपाहियों से बैठने का समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा। कोई अधिकारी, कर्मचारी यदि किसी कारण से किसी दिन कोई अवकाश पर रहे, तो वह अपने जिला स्तरीय अधिकारी को व्हाट्सएप पर अपना आवेदन भेज कर उन्हें अनिवार्य रूप से अवगत कराएं तथा सचिवालय में उपस्थित कर्मियों को भी सूचित करें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों से कहा है कि यदि कोई बैठक बुलानी है, तो अपराह्न 2 बजे के बाद ही बुलाएं। कहां कि ग्राम स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों का जिस गांव में बैठने का दिन हो और अगर कोई बहुत जरूरी जांच करनी हो, तो वह अपराह्न दो बजे के बाद ही जांच करने जाएं। समस्त खंड विकास अधिकारी अपने विकासखंड के ग्राम सचिवालय के कम से कम पांच सचिवालयों में उपस्थिति की जांच वीडियो कॉल के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे। ग्राम सचिवालय में सभी कर्मचारियों का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और बैठने का दिनांक सचिवालय की दीवार पर बाहर अनिवार्य रूप से अंकित रहेगा और यदि किसी कार्यवश कर्मचारी का स्थानांतरण हो जाता है, तो उसके स्थान पर आए नए कर्मचारी का नाम व मोबाइल नंबर तत्काल अंकित करने का दायित्व संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत सचिव का होगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिवालय में दीवार पर दिन बार के अधिकारी का नाम, और उसका मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित कराया जाए। ग्राम पंचायत सचिवालय पर दो रजिस्टर रखे जाएंगे। प्रथम रजिस्टर में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आता है और उस विभाग का कर्मचारी नहीं है, तो वह अपनी समस्या इस स्तर पर स्वयं अपने हस्तलिप में अंकित कर देगा और उसका नाम और मोबाइल नंबर अंकित कर देगा तथा संबंधित उपस्थित अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह तत्काल संबंधित विभाग को इस समस्या से दूरभाष, व्हाट्सएप के माध्यम से अवगत करा देंगे, जो इस समस्या का हल करेंगे। दूसरा रजिस्टर निरीक्षण का होगा, जिसमें जो भी अधिकारी ग्राम में भ्रमण में जाते हैं, वह अवश्य ग्राम पंचायत सचिवालय में जाएंगे और वहां पर अपने विभाग से संबंधित कार्यों को देखेंगे तथा रजिस्टर में अपनी टिप्पणी अनिवार्य रूप से अंकित करेंगे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया परेड का निरीक्षण



चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान उन्होंने पुलिस लाईन्स में प्रशिणाधीन आरक्षियों की प्रत्येक टोली की ड्रिल देखी। जिसमें आवश्यक सुधार के लिए उन्होंने उस्तादों को दिशा-निर्देश दिये।

इसके बाद उन्होंने डायल 112 की दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया। उन्होंने डायल 112 प्रभारी को निर्देशित किया गया कि डायल 112 एवं पुलिस की अन्य जनहितकारी योजनाओं का प्रसार-प्रचार करने के लिए तथा कर्मचारियों को क्राइम सीन की सिखलाई के लिए भी निर्देशित किया। निर्माणाधीन महिला ट्रांजिस्ट होस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली कि किसी घटना की सूचना प्राप्त होने पर उसके मैसेज को किस प्रकार से पास किया जाता है। उन्होंने सीपीसी कैन्टीन का निरीक्षण किया तथा कैन्टीन प्रभारी से कैन्टीन में सामान न आने का कारण पूछा। साथ ही आरटीसी मेस का निरीक्षण कर रजिस्टर एवं मीनू चेक करते हुये भोजन की गुणवत्ता देखी। क्वार्टर गार्द में सलामी लेकर गार्द का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्टोर का निरीक्षण कर रजिस्टरों का अवलोकन किया। साथ ही आर्मरी का निरीक्षण कर असलहों के सम्बन्ध में आर्मोरर से पूछा गया तथा आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, डायल 112 प्रभारी आर के सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## आर्यावर्त बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कैम्प का किया गया आयोजन



महोबा, (संवाददाता)। आर्यावर्त बैंक शाखा फतेहपुर बजरिया द्वारा ग्राम करहरकला में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवम महिलाएं सम्मिलित हुई। शाखा प्रबंधक प्रवीण कौशल द्वारा लोगो को शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के साथ साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी इसके साथ साथ प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत बचत खाते खोले गए। इस वित्तीय साक्षरता कैम्प में शाखा प्रबन्धक के अलावा बैंक के कर्मचारी भागीरथ एवम बैंक मित्र खलक सिंह उपस्थित रहे।

# कल से खुलेंगे विद्यालय, कोविड प्रोटोकाल का होगा अनुपालन

चित्रकूट ब्यूरो। जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने बताया कि समस्त बोर्डो के समस्त माध्यमिक विद्यालयों को कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के समस्त विद्यालयों को 15 अगस्त से खोले जाने का निर्णय लिया गया है कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पठन-पाठन के लिए निम्न शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन खोले जाने के आदेश निर्गत किए गए।

जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के समस्त विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कोविड प्रोटोकॉल के दृष्टिगत कार्यक्रम में सीमित संख्या में छात्रों को सीमित अवधि के लिए बुलाया जाए तथा कोविड-19 का अनुपालन करते हुए प्रभात फेरी निकाली जाए एवं 15 अगस्त से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई जाएं तथा इस दिन शिक्षण कार्य नहीं कराया जाएगा। विद्यालयों में भौतिक रूप से पठन-पाठन 16 अगस्त से कराया जाए। विद्यालयों को दो पालियों में प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं अपराह्न 12:30 बजे से 4:30 बजे तक संचालित किया जाए। कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रथम पाली में तथा शेष 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को दूसरी पाली में विद्यालय बुलाया जाए। विद्यार्थियों को समय से उनकी पाली के विषय में सूचना उपलब्ध कराई जाए। विद्यालयों में सैनिटाइजर, हैंड वॉश, थर्मल स्कैनिंग, पल्स ऑक्सीमीटर एवं प्राथमिक उपचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए यदि किसी विद्यार्थी, शिक्षक या अन्य कार्मिक को खांसी, बुखार के लक्षण हो, तो उन्हें प्राथमिक उपचार देते हुए घर वापस भेज दिया जाए। समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के अन्य कर्मचारियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त मात्रा में मास्क उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। विद्यार्थियों को कक्षा में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

कहा कि यदि विद्यार्थियों को स्कूल बसों अथवा विद्यालय से संबद्ध सार्वजनिक सेवा वाहन से विद्यालय आते हैं, तो उन वाहनों को प्रतिदिन सैनिटाइज कराया जाए तथा बैठने की व्यवस्था में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इन बिंदुओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों में कोविड-19 के फैलाव से बचाव के लिए उनके उपायों से समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जागरूक किया जाए।

# पुलिस अधीक्षक ने किया बाल मित्र कक्ष का उद्घाटन



चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शुक्रवार को कोतवाली कर्वी परिसर में बाल मित्र कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। नाबालिकों के साथ होने वाले छेड़छाड़, अपहरण, लैंगिक अपराध के पीड़ितों की काउंसलिंग के लिए बाल मित्र कक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में पुलिस को लेकर बहुत डर होता है, बाल मित्र कक्ष में बाल कल्याण अधिकारी सादे कपड़ें पहनकर उन बच्चों से बात-चीत एवं काउंसलिंग करें।

अपराध की दुनिया में आए नाबालिग के बहके बचपन को बाल मित्र कक्ष में संवारा जाएगा ताकि वह अपराधी न बनें। इसके लिए थानों में बाल मित्र कक्ष बनाया जाता है, जो कि एक स्कूल के कमरें जैसा दिखायी देता है। इसमें विभिन्न प्रकार की किताबें, खिलौने भी रखें जायें ताकि काउंसलिंग के दौरान बच्चों को डर न लगें। आपराधिक वारदातों में पकड़े गये नाबालिग की काउंसलिंग की जाएगी। यूनिसेफ जनसाहस संस्था द्वारा बाल मित्र कक्ष में सहयोग प्रदान किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र त्रिपाठी, निरीक्षक अपराध दीपेन्द्र कुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, पारीक्षत यूनिसेफ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व बच्चें मौजूद रहे।

# कोविड-19 की तीसरी लहर से बचाने के लिए वितरित की गई सर्विलांस किट

चित्रकूट ब्यूरो। सरकार कोविड-19 की तीसरी लहर से बचाव को लेकर हर जरूरी कदम उठा रही है। इसके मद्देनजर पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से शुक्रवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में स्वास्थ्य कर्मियों को सर्विलांस किट का वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में पिरामल स्वास्थ्य संस्था के पदाधिकारियों, आईसीडीएस के अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई। इसमें लोगों को कोविड-19 की तीसरी लहर से बचाने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने कहा कि आम जनता को तीसरी लहर से बचाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य, आईसीडीएस और विभिन्न सहायक एजेंसियों को अपने तरीके से कोविड-19 की तीसरी लहर से बचाव के लिए कार्य करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी ने सर्विलांस किट का वितरण किया। पिरामल स्वास्थ्य के डिस्ट्रिक्ट ट्रांसमिशन मैनेजर कमल भट्टाचार्य ने बताया कि कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए यह सर्विलांस किट वितरित की जा रही है। यह किट ग्राम पंचायतों में आशा और एएनएम को उपलब्ध कराई जाएगी। डीटीएम ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में पिरामल स्वास्थ्य के खंड परिवर्तन अधिकारी एएनएम आशा और आशा संगिनी को सर्विलांस किट वितरित करेंगे। सर्विलांस किट से आशा, आशा संगिनी और एएनएम की कोविड-19 से सुरक्षा होगी। इसके साथ साथ पल्स ऑक्सीमीटर से लोगों की आक्सीजन की मात्रा चेक करने मे सहायता मिलेगी और डिजिटल थर्मामीटर ग्रामीणों की थर्मल स्कैनिंग मैं सहायक होगा।

## सुलह-समझौते में अधिवक्ताओं का सहयोग होता है महत्वपूर्णः नोडल अधिकारी

चित्रकूट ब्यूरो। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 11 सितंबर को जनपद न्यायालय चित्रकूट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सतीश चन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में सुलह समझौते के आधार पर वादों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए अधिवक्तागण, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन जगत नारायण पांडेय, महामंत्री मान सिंह के साथ बैठक की गई। बैठक में नोडल अधिकारी ने अधिवक्तागणों से अधिक से वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराने के लिए कहा। जिस पर अधिवक्ताओं द्वारा अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया।

# डीएम ने टीम के साथ गोरखगिरी पहाड़ का किया निरीक्षण



महोबा, (संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार द्वारा वन व पर्यटन विभाग की टीम के साथ गोरखगिरि पहाड़ का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर डीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के उपरांत जिला महोबा में विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं। गोखरगिरि पहाड़ को विकसित कराने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा आस्वासन मिला है। इसके विकास की कार्ययोजना भेज दी गयी है जल्द ही यहां पर्यटन विकास के क्षेत्र में कई कार्य होंगे।इनमें से परिक्रमा पथ, रोप वे, संजीवनी उपवन आदि प्रमुख होंगे। आज दिल्ली से आये रोप वे कंसल्टेंट कमांडर आलोक शर्मा एवं लखनऊ अर्बन नोड के वास्तुविद राहुल जादौन द्वारा साइट प्लान की तैयारी हेतु निरीक्षण किया गया। डीएम ने बताया कि अभी साइट देखने का कार्य किया जा रहा है जल्द ही इसे फाइनल किया जाएगा ताकि जल्द से जल्द महोबा के गोखरगिरि पहाड़ का डेवेलपमेंट कराया जा सके। इस मौके पर मौजूद वन विभाग के डीएफओ संजय कुमार मल्ल और एफआरओ आर के यादव को निर्देश दिए गए कि राजस्व विभाग से मिलकर वन विभाग की जमीन की पैमाइश करा लें ताकि निर्माण कार्य शुरू होने के समय किसी भी प्रकार की समस्या न आये। एसडीएम महोबा मो अवेश को निर्देशित किया गया कि वन विभाग की जगह का शीघ्र चिन्हाकन कराना सुनिश्चित करें।

## सीओ सिटी व जनपदीय पुलिस ने पैदल गस्त कर कस्बे में की संदिग्धों की चेकिंग

महोबा, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में शान्ति, कानून-व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय द्वारा थाना कोतवाली में मय पुलिस बल एवं समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग की गई, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई । इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यातायात नियमो के उल्लंघन पर 73 ई-चालान किया गया एवं कोविड़-19 नियमों के उल्लघंन पर 23 व्यक्तियों में 3700रु0 वसूला गया।

# एण्टी रोमियो स्कॉड टीम द्वारा किया जा रहा जागरुक



महोबा, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वाड निरीक्षक रचना सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के साथ जनपद स्तर पर गठित एण्टीरोमियो स्कॉड सक्रिय रुप से कार्यवाही कर रहे हैं, जिसके क्रम में टीम द्वारा मदारन मेला व अन्य विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है तथा टीम द्वारा आस-पास अनावश्यक रुप से चहलकदमी करने वाले मनचलों संदिग्ध युवको की चैकिंग कर सख्त हिदायत दी जा रही है। इसी क्रम में एण्टी रोमियो टीम द्वारा सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है जिसमें उनको हेल्पलाइन नम्बरों वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई साथ ही मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# महिला थाना प्रभारी ने किया वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण



महोबा, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला द्वारा मय हमराह कर्मियों के साथ वन स्टॉप सेन्टर महोबा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेन्टर पर स्टॉप की स्थिति, पीडित महिलाओं को दी जाने वाली विधिक सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था, पीडित महिला के साथ हुई घटना के संबंध में पुलिस के प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की कार्यवाही के संबंध में, मनोसामाजिक परामर्श, कुशल परामर्शदाता, पीडिता को अस्थाई आश्रय की सुविधा, खानागार, पर्याप्त ओढने-बिछाने की व्यवस्था, पीडिताओं को दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता भोजन की व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ कर जांच की गई। साथ ही मौके पर उपस्थित वन स्टॉप सेन्टर की प्रबन्धक श्रीमती क्षमा को पीडित महिलाओं को आश्रय की सुविधा उपलब्ध कराने, आश्रय में साफ-सफाई रखने, ओढने व बिछाने की पर्याप्त व्यवस्था रखने के संबंध में निर्देश प्रदान किये । सखी वन स्टॉप सेन्टर द्वारा पीडित महिलाओं को दी गई सहायता के संबंध में रजिस्टर आदि की जांच कर व्यवस्थाओं को सुधारने तथा सेनेटाईजर, मास्क एवं फेशमास्क का प्रयोग करने हेतु निर्देश प्रदान किये, इस अवसर पर वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रबन्धक क्षमा, डीपीओ आशोक कुमार मिश्रा, कम्प्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय जैतपुर का संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण

महोबा, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश में जैतपुर में निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय के निर्माण कार्यों का जायजा लेने संयुक्त शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज प्रो हिरेंद्र प्रताप सिंह आएजिसमें उनके साथ क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश प्रकाश तथा नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा महोबा प्रो सुशील बाबू की टीम ने निर्माणाधीन महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज की तथा जेई निर्माण निगम को समय बाद निर्माण कार्य कराने तथा निर्माण कार्य की कमियों को यथाशीघ्र सही कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक स्थिति में समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता परक कार्य करा कर यथाशीघ्र महाविद्यालय का निर्माण कराएं।

# खाद्य तेल फैक्ट्री लगाने के लिए उद्यान विभाग देगा 10 लाख रुपये

चित्रकूट ब्यूरो। युवाओं के बेहतर कैरियर बनाने के लिए और आत्मनिर्भर बनने के लिए उद्यान विभाग सुनहरा अवसर दे रहा है, जिससे कि युवा खुद की फैक्ट्री लगा कर उत्पादन कर सकें। जिला उद्यान अधिकारी डॉ बलदेव प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के तहत चित्रकूट जिले को तिलहन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सरसो के तेल की 98 फैक्ट्रियां लगाने के लिए जिले के युवाओं से आवेदन मांगे गए है, जिसमें 27 इकाइयां एक जनपद एक उत्पाद एवं 71 इकाइयां को पहले से चल रही इकाईयों के साथ आगे बढ़ाने में मदद की जायेगी।

उन्होंने बताया कि इस योजना में ऐसे लोगो को भी लाभ दिया जाएगा, जो बेकरी उद्योग, राइस मिल, फ्लोर मिल, दाल मिल, फ्ल, सब्जी एवं मसाला व दुग्ध पर आधारित इकाइयां लगाना चाहते है और इसके तहत प्रत्येक इकाई के लिए 10 लाख रुपए की धनराशि दी जाएगी। जिसमें लाभार्थी का योगदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होना चाहिए और शेष राशि बैंक से लाभार्थी को ऋण के रूप में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना में एफ्पीओ, स्वयं सहायता समूह एवं को-ऑपरेटिव को 35 प्रतिशत क्रेडिट लिम्फ्ड़ अनुदान सहित संपूर्ण मूल्य से श्रंखला समेत पूंजी निवेश के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और 27 इकाई नई लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में लाभार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उसकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। इस योजना में एक परिवार का केवल एक व्यक्ति ही पात्र होगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के लिए इच्छुक अभ्यर्थी भारत सरकार की खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय की वेबसाइट में आनलाइन आवेदन कर सकते है और जिला उद्यान विभाग कार्यालय से भी आवेदन के संबंध में जानकारी ले सकते है।

# आशीर्वाद यात्रा को लेकर भाजपाइयों ने बैठक कर बनाई रणनीति




महोबा, (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर जिलाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह सेंगर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर आर्शीवाद यात्रा केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा के नेत्रत्व मे सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड मे यात्रा का स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओ एवं आम जनमानस द्वारा जगह जगह किया जायेगा यात्रा का शुभारम्भ ललितपुर के सिद्ध क्षेत्र श्री तुवन सरकार हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सभी जिलों से होकर कर गुजरेगी जिसका समापन गगां तट फतेहपुर मे होगा 17अगस्त को महोबा जनपद मे जन आर्शीवाद यात्रा का आगमन होगा 18अगस्त को सिद्ध पीठ माँ चन्द्रिका देवी दर्शन उपरान्त कोरोना काल मे दिवंगत भाजपा कार्यकर्ताओ के आवास पर पंहुचकर परिजनों से भेंट करेगे ।महोबा शहर मे सुभाष चौकी मे सुभाष चन्द्र बोंस, ऊदल चौक, आल्हा चौक, परमानन्द चौराहा एवं हमीरपुर चुंगी पर महापुरूषो की प्रतिमा पर मालर्यापण करेगे।

यात्रा के माध्यम से मंत्री जनता से आर्शीवाद प्राप्त करेगे आर्शीवाद यात्रा से कार्यकर्ताओ मे जबरजस्त उत्साह है बुन्देलखण्ड क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्रीमण्डल मे स्थान प्राप्त होने पर कार्यकर्ताओ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। संगठन द्वारा स्वागत हेतु अलग अलग स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई हैं । 18अगस्त को भाजपा कार्यालय मे मंत्री का स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया है इसके पश्चात प्रेस वार्ता करेगें। बैठक मे पूर्व जिलाध्यक्ष डा0 कमलेश सक्सैना सदर विधायक के प्रतिनिधि रोहित शर्मा, चक्रपाणि त्रिपाठी, कौशल शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक गुरुदेव सहित जिले के सभी मण्डल अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी,चैयरमेन एवं ब्लाक प्रमुख मौजूद रहे। द्वारा जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक गुरूदेव।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उपमुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में नवनिर्मित ऑक्सीजन गैस प्लान्ट का किया उद्घाटन

➲ सरकार का प्रयास है कि हर गरीब के चेहरे पर अमीर से ज्यादा खुशी हो ➲ केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया है ➲ विकास का कार्य जनपद कौशाम्बी के साथ.साथ प्रदेश के सभी जनपदों में चल रहा है ➲ कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जा रही है







**कौशाम्बी, संवाददाता।** प्रदेश के मा0 उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लॉन्ट तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर में ऑक्सीजन प्लॉन्ट हेतु प्लेटफार्म शेडए ऑक्सीजन पाइप लाइन व इलेक्ट्रिक फिटिंग के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में नवनिर्मित ऑक्सीजन गैस प्लान्ट का फीता काटकर एवं बटन दबाकर किया उद्घाटन। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री ने लोगों से कोविड.19 गाइड लाइन का अनुपालन करने एवं कोविड.19 वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए बेहतर कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रए जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होने कहा कि जनपद में मेडिकल कालेज के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। मेडिकल कालेज के बन जाने से जनपद कौशाम्बी के लोगों को दूसरे जनपदों में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगाए जनपद में ही इलाज की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में ऑक्सीजन गैस प्लॉन्ट सहित अन्य सुविधायें देने का लगातार प्रयास किया जा रहा हैए जिससे क्षेत्र वासियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा में भी ऑक्सीजन गैस प्लान्ट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में ऑक्सीजन गैस प्लान्ट लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सी0एच0सी0 सिराथू में विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात करने के संबंध में जिलाधिकारी को निर्देश दिये है।

मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहेए इसके लिए मा0 प्रधानमंत्री जी ने निःशुल्क राशन देने का निर्णय लिया हैए जिसके तहत निःशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया है। जब.जब अवसर मिलेगा तब.तब उससे भी बेहतर कार्य करेंगे। विकास का कार्य जनपद कौशाम्बी के साथ.साथ प्रदेश के सभी जनपदों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लाभार्थियों को शत.प्रतिशत निधि उनके खाते में भेजी जा रही है। भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का कार्य किया जा रहा है तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर गरीब के चेहरे पर अमीर से ज्यादा खुशी होए इसके लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनायें एवं विकास कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 05 लाख तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही हैए जिससे पैसे के अभाव के कारण किसी गरीब को इलाज के लिए किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम को मा0 विधायक सिराथू श्री शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं मा0 विधायक चायल श्री संजय गुप्ताए अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर एवं जिलाध्क्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री राधेश्याम विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेखौफ फर्राटा भर रहे एनटीपीसी ऐश पौंड के राख से भरे ओवरलोड वाहन



**रायबरेली (अमर चेतना)।** ऊंचाहार की सड़कों से प्रतिदिन निकल रहे ओवरलोड ट्रक जैसे बड़े वाहन प्रशासन की नाक के नीचे से गुजर रहे हैं। परंतु इन सब के बाद भी पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के अधिकारी भी अंजान बने हुए हैं। कुछ दिन पूर्व इन्हीं कारणों से उमरन ऐश पौंड से सटे गांव के ग्रामीणों ने एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन के खिलाफनारेबाजी की थी। बताते चलें कि एनटीपीसी परियोजना कोयले पर आधारित एक पावर प्लांट है जिस से निकलने वाली कोयले की राख को परियोजना तीन माध्यम से बाहर निकालती है पहला राख को सीमेंट फैक्ट्री में भेजना दूसरा तरीका दो ऐश डाइक बनाकर पानी के सहारे अरखा और उमरन ऐश पौंड में भेजना और यहां से इस राख को हाइवे सड़क निर्माण और पुल निर्माण के उपयोग में ट्रक और डंफर के माध्यम से भेजा जाता है।रेत से भरे यह वाहन अधिकतर ओवरलोड और ऊपर तक भर के गांव की सड़कों से निकलकर मुख्य मार्ग से बाहर जाती है इस बीच सड़कों पर यह ओवरलोड वाहन पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग की नजरों से भी बचे नहीं लेकिन फिर भी इन ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।इन ओवरलोड वाहन के चालक मार्ग में मनमाने तरीके से चलते हुए कहीं भी किसी भी जगह सड़क के किनारे लगाकर गायब हो जाते हैं जिसका खामियाजा सड़क पर चल रहे राहगीरों को भुगतना पड़ता है सूत्रों से जानकारी मिली है कि पूर्व में ही दो दिन पहले सड़क के किनारे राख से भरा एक ट्रक खड़े होने के कारण एक गांव निवासी राहगीर की खड़े ट्रक में लड़ जाने से जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।स्थानीय पुलिस महज खानापूर्ति के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच अभियान के तौर पर करते हैं ओवरलोडिंग वाहनों पर कोई रोक-टोक नहीं देखा जा रहा है जबकि क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इन ओवरलोड वाहनों से गांव की नजदीकी सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और रेत से भरे ओवरलोड ट्रक जिन्हें ऊपर से ढंका भी नहीं जाता है और निकलने वाले मार्ग में धूल के कण भी उड़ते रहते हैं जिससे लोग दुर्घटना का शिकार होजाते हैं।अधिकतर सड़क हादसे इन ओवरलोड ट्रकों के द्वारा ही होते हैं ।हादसे का शिकार होते ही यह लोग अपने वाहनों को भगाने का प्रयास करते हैं और अधिकतर इन वाहनों में नंबर प्लेट भी गायब होती है। जिससे दुर्घटना के बारे में पुलिस को खबर देना भी अधूरी खबर देने जैसा ही रहता है।

## मिशन शक्ति से महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश

**प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताःए यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तफलाः क्रियाःष् जहां स्त्रियों की पूजा होती हैए वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ स्त्रियों की पूजा नहीं होती ए उनका सम्मान नहीं होता है वहाँ किये गये समस्त अच्छे कर्म निष्फल हो जाते हैं। भारतीय संस्कृति एवं समाज में नारी का स्थान सदैव ही उच्च प्रतिष्ठित रहा है। शक्ति के विभिन्न स्वरूपों में हम नारी की ही पूजा सभ्यता व संस्कृति के उदय से करते आए हैं। नारी सृजन का भी प्रतीक है। परिवार का विकास नारी के गर्भ में पल रहे शिशु के जन्म के साथ ही अपना भावी स्वरूप ग्रहण करता है। कालान्तर में विभिन्न अनेक कारणों से महिलाओं की स्थिति में क्षरण हुआ है। महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुयी। उनकी गरिमा को ठेस पहुची। उत्तर प्रदेश सरकारए महिलाओं की गरिमाए सम्मान के साथ ही उनके सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयत्नशील एवं कार्यरत है। इसी के अन्तर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशा.निर्देशन में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर दिनांक 17 अक्टूबरए 2020 को ष्महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षाए सम्मान व स्वावलम्बनष् के उद्देश्यों के साथ ष्मिशन शक्तिष् की शुरूआत की गई थी। प्रारम्भ में यह मिशन शारदीय नवरात्र 2020 से वासंतिक नवरात्र 2021 तक लगभग 180 दिवस तक प्रस्तावित था। परन्तु मिशन की सफलता एवं इसके सार्थक परिणामों को देखते हुए इसे आगे भी द्वितीय चरण के रूप में जारी रखा गया तथा अब माह अगस्तए 2021 से आगे दिसम्बरए 2021 तक ष्मिशन शक्ति 3000ष् की शुरूआत की गई है। ष्मिशन शक्तिष् के माध्यम से सरकार में शामिल प्रतिनिधियोंए विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित जनसामान्य को जागरूक करने हेतु हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। मिशन के उद्देश्य यह भी है कि महिलाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आए तथा महिलाएं व बच्चे विशेषकर बालिकाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो। ष्मिशन शक्ति 3000ष् के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभागए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना जारी की गई है और इसे माह अगस्तए 2020 से माह दिसम्बरए 2021 के बीच विभिन्न चरणों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अगस्त के प्रथम सप्ताह में ष्हक की बात जिलाधिकारी के साथष् कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के सभी जनपदों में किया गया है। जिसमें यौन हिंसाए लैंगिक असमानताए घरेलू हिंसाए कन्या भ्रूण हत्याए कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षणए सुरक्षा तंत्र जैसे विषयों पर पारस्परिक संवाद का आयोजन किया गया है। ऐसे संवादों से समाज में महिला मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है।

## सोसल मीडिया के माध्यम से पानी की समस्या का विधायक ने लिया संज्ञान

➢ चौबीस घंटे में नल की आवश्यकता को पूरा किया

(अविनाश पाण्डेय)




**रायबरेली (अमर चेतना)।** हरचंदपुर विकास खंड के बरगदहा ग्राम सभा मे विशुनपाल लोधी के बच्चे घर से काफी दूर पानी के लिए साइकिल पर कई बर्तन रखकर घर से काफी दूर पानी ले जाने के लिए आते जाते थे.कल हरचंद्रपुर विधायक राकेश सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से इस समस्या की जानकारी मिली।जिस पर विधायक राकेश सिंह ने चौबीस घंटे में अपने निजी खर्च से उस परिवार के नल की जरूरत को पूरा किया। गौरतलब यह है कि क्षेत्र की जनता किसी न किसी प्रकार से हर सम्भव मदद तो करते ही रहते और क्षेत्र के विकास के लिए सरकार और जनता के बीच पुल बनकर आए दिन क्षेत्रीय के लिए सरकारी धन से शहर में मकान से महल बनते तो देखा हैं लेकिन विधायक राकेश सिंह को देखिए जो अपनी जनता के लिए नित नए कार्यक्रम कर जनता की जनता से जुड़े रहते हैं। लोग बताते हैं की पिछले पच्चीस सालों में जो विकास नही हुआ वह इन्होंने करने का प्रयास किया और कर दिखाया जहां बिजली नही थी वहां पहुँचाने का काम किया नहर नहीं आती थी किसानों के लिए नहर सफ़ाई कर नहरों में पानी लाने का काम किया.गरीबी से जूझ रहें परिवारों को आर्थिक मदद करते हुए उनकीं बच्चियों की शादी करवा कर पुण्य का कार्य भी करते रहते हैं। विधयक की क्षेत्र में खासी लोकप्रियता देखने को मिलती है। विधायक प्रतिनिधि रजत त्रिवेदी बताते हैं पच्चीस वर्ष पहले विधानसभा काफ़ी पिछड़ी मानी जाती थी। लेकिन विधायक राकेश सिंह के अथक प्रयास से विधानसभा को नई पहचान मिली है।विकास में तेजी आई है।

## दुर्घटना मे अधेड़ की मौत पर गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत पर आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के गंगाराम का पुरवा रामकिशुन कोरी की पत्नी सुशीला देवी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार अगस्त को उसका पति रामकिशुन 45 अपने गांव के दिनेश गौतम के साथ बाइक से घर आ रहा था। तभी मुड़ियन का पुरवा बेलहा के पास पूरे केवल निवासी फारूक ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना मे रामकिशुन तथा दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गये।

## श्रमिक सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के पोर्टल पर करायें पंजीयन, उठाये योजना का लाभ

**प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी डा0 महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले 45 प्रकार के कामगार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के पोर्टल पर स्वयं या सी0एस0सी0 (जनसेवा केन्द्र) के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीकरण शुल्क 60 रूपये (10 रूपये पंजीकरण शुल्क एवं पांच वर्ष के लिये रूपये 10 प्रतिवर्ष की दर से अंशदान) जमा कराना होगा। पंजीयन के समय कामगार को अपना एवं अपने आश्रितों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पास बुक की छायाप्रति, फोटो और माता का नाम तथा शैक्षिक योग्यता का विवरण व मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराना होगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत कामगारों हेतु शासन द्वारा दो योजनायें क्रमशः मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना व मुख्यमंत्री जन अरोग्य योजना संचालित है। मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत दुर्घटनावश मृत्यु होने अथवा दिव्यांगता होने की दशा में अधिकतम धनराशि रूपये 2 लाख की आर्थिक सहायता देय होगी तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पंजीकृत कामगारों एवं उनके परिजनों को रूपये 5 लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होने बताया है कि पंजीकरण हेतु 45 प्रकार के कामगारों को पात्र श्रेणी में शामिल किया गया है जिसमें दर्जी, माली, बुनकर, नाई, रिक्शाचालक, घरेलू कामगार, कूड़ा बीनने वाले कर्मकार, ठेला चलाने वाले, फल-सब्जी, फूल विक्रेता, फुटपाथ व्यापारी, कुली, मोची, जनरेटर/लाइट उठाने वाले, ऑटो चालक, सायकिल व मोटर साइकिल मिस्त्री, ढोल एवं बाजा बजाने वाले, टेन्ट हाउस एवं कैटरिंग में कार्य करने वाले, तांगा बैलगाड़ी चलाने वाले कामगार, अगरबत्ती कुटीर उद्योग चलाने वाले कामगार, नाव चलाने वाले, सूत रंगाई, कताई धुनाई करने वाले कामगार, चूड़ी बनाने वाले, कपड़े धोने का कार्य करने वाले कामगार, दरी कम्बल जरी कार्य करने वाले कामगार, चरवाहा, दूध दुहने का कार्य करने वाले एवं कांच उत्पाद व चिकन मीट शाप व पोल्ट्री फार्म पर कार्य करने वाले कर्मकार तथा ऐसे सभी कर्मकार जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम हो तथा ई0एस0सी0 व पी0एफ0 से आवर्त न हो साथ ही ऐसे किसान जिनके पास 2.5 एकड़ से कम भूमि हो असंगठित क्षेत्र के कर्मकार के रूप में पंजीयन के पात्र है।

## खेत मे लगे तार मे करंट आने से मासूम की मौत



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** कोतवाली के चोप सिंह रामपुर बावली मे खेत मे कंटीले तार मे करंट आने से मासूम की मौत हो गयी। गांव के सिराजुददीन के पुत्र मो. असलम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार को सुबह सात बजे उसका भतीजा अनीस 07 पुत्र मो. अहमद अपना खेत देखने गया था। तभी गांव के छोटे लाल सरोज के खेत के पास एक मवेशी विद्युत करंट से मर गया था। भतीजा अनीस जब उधर गया तो वह भी अवैध विद्युत करंट की चपेट मे आ गया। इससे मौके पर ही मासूम की मौत हो गयी। जानकारी होने पर बदहवाश परिजन मौके पर पहुंचे और अनीस को लालगंज सीएचसी ले आये। यहां चिकित्सको ने अनीस को मृत घोषित कर दिया। इधर पीडित मो. असलम ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक आरोपी पर खंभे मे अवैध केबिल से अर्थ देने का आरोप लगाते हुए विभागीय अवर अभियंता पर भी बदनीयती का आरोप लगाया है। हालांकि स्थानीय सीएचसी प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने मृतक अनीस के शव का पंचनामा किया।

दोपहर बाद शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया। इधर करंट से मासूम की मौत को लेकर परिवार मे कोहराम मच गया। मृतका की मां अंजमुन निशा तथा भाई मो. अतीक व आजम दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे। वहीं विद्युत महकमे मे भी हडकंप का माहौल दिखा। कोतवाल रणजीत सिंह भदौरिया का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर मासूम के परिजनो तथा गांव के लोगों मे आक्रोश भी देखा गया।

## सेवादल कार्यकर्ताओं ने लिया जागरूकता का संकल्प



**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को कांग्रेस सेवा दल कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभात ओझा तथा संचालन सुधांशु जायसवाल ने किया। बैठक मे सेवा दल संगठन को मजबूत बनाए जाने तथा पार्टी की नीतियो को गांव गांव तक पहुंचाए जाने का कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। अध्यक्षता करते हुए प्रभात ओझा ने कार्यकर्ताओ को संगठन के अनुशासन की रीढ़ बताते हुए उन्हें सेवा दल के ध्वज प्रणाम आदि की जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम मे चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा केडी मिश्र, पप्पू तिवारी व छोटेलाल सरोज ने भी सेवादल कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा प्रमोद तिवारी के नेतृत्व मे संगठन के जागरूकता अभियान को सफल बनाए जाने का भी संकल्प ग्रहण किया। इस मौके पर बंटी जायसवाल, शिवमधर मिश्र, सत्य नारायण मिश्र, रविकांत, मनोज कुमार, नीतीश वर्मा, अरूण सरोज, अखिलेश यादव, मनीष वर्मा, गगन त्रिपाठी, आदर्श त्रिपाठी, आदित्य तिवारी, रवि कुमार पाण्डेय, सुंदरम उपाध्याय आदि रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर होगा विविध कार्यक्रम का आयोजनः जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल बताया है कि दिनांक 15 अगस्त 2021 को जनपद में 75वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह व भव्यता के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम के आयोजन किये जायेगें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर प्रत्येक कार्यालयों के समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण हेतु उपस्थित रहेगें। ध्वजारोहण के समय सेशल डिस्टेसिंग का अनुपालन किया जाये। ध्वजारोहण के अवसर पर सरकार की परिलब्धियों की चर्चा अवश्य की जाये। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, जल शक्ति योजना, गो-संरक्षण, देश भक्ति के सम्बन्ध में उपस्थित व्यक्तियों के साथ चर्चा की जाये। इस अवसर पर कोविड-19 के योद्धाओं जैसे चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, स्वच्छता कर्मियों को इस समारोह में आमंत्रित किया जाये। जनपद के समस्त अधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि उनके कार्यालयों में गंदा, उल्टा या कटा-फ्टा तिरंगा झंडा कदापि न फहराया जाये। जिलाधिकारी ने 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में बताया है कि प्रातः 7 बजे से से प्रातः 7.30 बजे तक जिला क्रीड़ा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर एवं उपजिलाधिकारी सदर द्वारा 5000 मीटर क्रास कन्ट्री रेस सोशल डिस्टेसिंग को दृष्टिगत रखते हुई कराई जायेगी जिसमें विजेता को कलेक्टेऊ्ट में प्रातः 8 बजे पुरस्कृत किया जायेगा। प्रातः 8 बजे से समस्त शासकीय तथा गैर शासकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों तथा देश की सीमाओं पर अदम्य साहस का परिचय देने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। ग्राम कहला, रूरे एवं कालाकांकर शहीद स्मारकों पर उपजिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया जायेगा व ग्राम में स्थित ग्राम पंचायत भवन का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम से अंकित किया जाये ताकि उससे लोगों को प्रेरणा मिलती रहे।

## बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश गिरफ्तार

ऊंचाहार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी बहेरवा में लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश गिरफ्तार



**रायबरेली (अमर चेतना)।** सोमवार को फरीदपुर निकट बहेरवा चौराहा स्थित एक घर में पीछे की ओर से घुसकर परिजनों को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजान देने वाले बैखौफ बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमें गठित की गई थी। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई थी। इस घटना की पड़ताल करने पुलिस अधीक्षक स्वयं फॉरेंसिक टीम व एसओजी टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। ऊंचाहार पुलिस ने खासी मशक्कत के बाद चार बदमाशों को लूट के सामान के साथ महिमापुर के पास से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान सरताज पुत्र मो. सईद निवासी फाटक भीतर कस्बा थाना ऊंचाहार, मुदस्सिर पुत्र मुनउवर निवासी कासिमपुर कटरा थाना हथगांव जनपद फतेहपुर, मो. गुलाम गौस उर्फ छोटू पुत्र अजमेरी निवासी बद्दमिया का पुरवा थाना ऊंचाहार देहात जनपद रायबरेली, पिंटू कौशल पुत्र राम गरीब निवासी मदारीगंज थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली के रूप में की गई है। जिनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अभियुक्तों से पूंछतांछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि अभियुक्त तालीम शेख जो थाना भदोखर का गैंगेस्टर हैं जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया जा चुका था। जिसके कारण वह न्यायालय में आत्मसमर्पण करना चाहता था। उसको अपने वकील जमानत हेतु पैसा देना था। इसलिए उसने हम लोगों को साथ लेकर योजनाबद्ध तरीके से सोमवार की रात को ऊंचाहार थाना क्षेत्र के बहेरवा चौराहा स्थित उमेश शुक्ल के घर में घुसकर असलहा से धमकाते हुए बन्धक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने बताया कि कुछ रुपए और जेवरातों का आपस में बटवारा किया गया था। और कुछ जेवरात ऊंचाहार के काव्यानी ज्वेलर्स के मालिक पिंटू कौशल को पंद्रह हजार रुपए में बेंच दिया गया था। जिस पैसे को लेकर तालीम शेख ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था।

## अधेड़ को सरेआम गोली मारने वाला युवक गिरफ्तार

**रायबरेली (अमर चेतना ब्यूरो)।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के मनीरामपुर पुल के पास एक दुकान पर पान खाते समय अधेड़ को गोली मारने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के बाद से ऊंचाहार पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे थे। लेकिन पुलिस अधीक्षक की कार्यकुशलता से युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। गौरतलब है की दिन दहाड़े सरेआम गोली चलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। ऊंचाहार कोतवाली पुलिस लगातार युवक को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तार लिए गए युवक दिलीप कुमार ने पुलिस को बताया की मारे गए अधेड़ संभू यादव और युवक की पत्नी के बीच लंबे समय से अवैध संबंध थे। जिसको लेकर युवक खफा था और कई बार संभू यादव को रोका भी था लेकिन जब वह मानने को तैयार नहीं हुआ तो युवक ने अधेड़ को जान से मारने की ठान ली थी।

## प्रयागराज विकास प्राधिकरण में करोड़ों के घोटाले की जांच को लेकर याचिका दाखिल

हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार व पीडीए से माँगा जवाब

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण में करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमितता और घोटाले के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकार और पीडीए से जवाब तलब किया है। प्राधिकरण में विगत 5 वर्षो के दौरान 32 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक के भारी-भरकम घोटाले का खुलासा प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल की ऑडिट रिपोर्ट में होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका पर सुनवाई कर रहे कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मुनीश्वर नाथ भंडारी और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की पीठ ने 31 अगस्त तक इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया है कि याची ने प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल लखनऊ और प्रयागराज से प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अप्रैल 2015 से सितंबर 2018 और अक्टूबर 2018 से जनवरी 2020 के दौरान कराए गए कार्यों की ऑडिट रिपोर्ट, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी थी। विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट से पता चलता है कि इस दौरान पीडीए द्वारा कराए गए कार्यों से सरकारी खजाने को 32 करोड़ 19 लाख 41. 816 रुपए की आर्थिक चोट पहुंचाई गई है। कहा गया है कि विभागीय अधिकारियों और कुछ ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी खजाने को भारी भरकम नुकसान पहुंचाया गया। याचिका में कहा गया है कि पीडीए के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के बावजूद ना तो किसी की जिम्मेदारी तय की गई और ना ही किसी पर कार्रवाई की गई है। याचिका में कहा गया है कि पीडीए अधिकारियों ने ऑडिट अधिकारियों को जानबूझ कर बहुत सारे रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवाए हैं। ऑडिट अफसरों द्वारा दस्तावेजों की जो सूची उपलब्ध कराई गई थी, वह दस्तावेज उनको नहीं दिए गए, ताकि विभाग की जड़ों तक फैले भ्रष्टाचार की जानकारी को छुपाया जा सके। याचिका में मांग की गई है कि इन वित्तीय अनियमितताओं की जांच उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर कराने का आदेश दिया जाए तथा किसी विशेषज्ञ संस्था को पीडीए अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया जाए।

याचिका में यह भी कहा गया है कि कुंभ मेले के दौरान पीडीए द्वारा कराए गए तमाम कार्यों में गम्भीर वित्तीय अनियमितता की गई है। कुछ गिने-चुने ठेकेदारों को ही बार-बार ठेके दिए गए। जबकि उनके टेंडर अन्य प्रतिस्पर्धियों से ज्यादा ऊँची दर पर थे। याचिका के मुताबिक ऑडिट रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है की 2018 में फायर ब्रिगेड चौराहा से पानी टंकी चौराहे तक अंडरग्राउंड केबल बिछाने का ठेका दिया गया, जबकि वहां पहले से अंडरग्राउंड केबल पड़ी थी। इस तरह से लाखों रुपए की चपत सरकारी खजाने को लगाई गई। इसी प्रकार कालिंदीपुरम में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का ठेका एनसीसी लिमिटेड को दिया गया जिसमें 38.63.422.68 लाख रुपये का जीएसटी नहीं काटा गया। इस प्रकार से सरकारी खजाने को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। सब डिविजनल चार्ज वसूली और सेवा कर चार्ज आदि की कटौती में भी राज्य सरकार को करोड़ों रुपए की आर्थिक चोट पहुंचाने का ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। याचिका की सुनवाई 31 अगस्त को होगी।